इंदौर, मंगलवार 23 दिसंबर 2025

■ वर्ष : 5 ■ अंक : 49
■ पृष्ठ : 6 ■ मूल्य : 2

dainikindoresanket.com
dainikindoresanket
dainikindoresanket
dainikindoresanket24@gmail.com

सांध्य दैनिक

# इंदौर संकेत

आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650




राष्ट्रपिता को नमन...

## अंदर के पन्नों पर...


इंदौर का पितृ पर्वत बना नया धार्मिक डेस्टिनेशन



पेज-2

फिल्म 'दृश्यम 3' की रिलीज डेट का ऐलान



पेज-5

सार्थक एप में डॉक्टर कर रहे ऐसी साजिश



पेज-6




## स्वच्छता सर्वेक्षण के नए चरण की तैयारियों का शंखनाद.. हटाई गई हरसिद्धि क्षेत्र की अवैध फूल मंडी...

**इंदौर ●** स्वच्छता सर्वेक्षण की नई टूलकिट जारी होते ही इंदौर नगर निगम पूरी तरह एक्शन मोड में... निगम आयुक्त दिलीप कुमार यादव के नेतृत्व में हरसिद्धि क्षेत्र में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई... वर्षों से अव्यवस्था और जाम का कारण बनी अवैध फूल मंडी हटाई गई... आज सुबह-सुबह खुद मौके पर पहुंचे निगम आयुक्त, पूरे अभियान की की गई निगरानी... हरसिद्धि चौराहे को अतिक्रमण मुक्त, सुंदर और सुगम यातायात वाला क्षेत्र बनाने की दिशा में बड़ा और निर्णायक कदम... स्वच्छता के नए चरण में इससे जुड़ी योजनाओं को जमीन पर उतारने की रणनीति पर काम शुरू

## कलेक्टर ने शिकायतों पर किया पटवारी, सचिव को निलंबित

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**



**इंदौर ●** कलेक्टर शिवम वर्मा ने नवाचार के तहत 'समाधान हाथों-हाथ' पहल के अंतर्गत सीएम हेल्पलाइन के शिकायतकर्ताओं से सीधे संवाद कर तत्काल निराकरण सुनिश्चित किया। बैठक के दौरान समय-सीमा एक ग्राम पंचायत सचिव और एक पटवारी को सस्पेंड करने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत लिम्बोदागरी में राशन पात्रता पर्ची के संबंध में समग्र अईडी के सत्यापन के लिए आवेदन किया था। कलेक्टर शिवम वर्मा ने देरी एवं लापरवाही के लिए ग्राम पंचायत लिम्बोदागारी के सचिव को निलंबित करने के भी निर्देश दिए।

इसी प्रकार नगर परिषद् बेटमा में एक आवेदक ने अपनी बेटी का नाम राशन कार्ड से हटाने का आवेदन दिया था। कलेक्टर वर्मा ने तुरंत ही नाम हटाने और देरी के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी बेटमा के विरूद्ध पांच हजार रुपए की पैनल्टी लगाने के निर्देश दिए। ग्राम शिवनी के आवेदनकर्ता ने बताया कि उसने एक राजस्व प्रकरण में जारी आदेश को राजस्व अभिलेख में ऑनलाइन अपडेट करने के लिए आवेदन दिया था। कलेक्टर वर्मा ने लापरवाही पाए जाने पर खुडेल तहसील के ग्राम शिवनी के पटवारी को निलंबित करने के आदेश दिए।



## जेपी नड्डा और सीएम यादव पहुंचे महाकाल की शरण में

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**उज्जैन ●** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा सीएम डॉ. मोहन यादव सोमवार रात उज्जैन पहुंचे। रात में जेपी नड्डा ने भगवान महाकाल के दर्शन किए और शयन आरती में शामिल हुए। इसके बाद आज सुबह सीएम डॉ. मोहन यादव के साथ मिलकर नंदी हाल में 20 मिनट तक पूजन किया औ गर्भगृह में भी भगवान का पूजन-अर्चन किया।

गर्भगृह में दोनों ने महाकाल का अभिषेक किया और पुजारी आकाश ने 20 मिनट तक षोडशोपचार पूजन कराया। यह पूजन यश-कीर्ति के लिए किया जाता है। इसके बाद मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री, मध्य प्रदेश के प्रभारी महेंद्र सिंह ने महाकाल मंदिर अन्न क्षेत्र में श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरण की और खुद भी ग्रहण की। प्रसादी में पोहे खाने के बाद वे खुद ही अपनी थाली उठाकर रखने गए। नड्डा और सीएम सिंहस्थ में होने वाले कार्यों का भी निरीक्षण करेंगे।

## मास्टर प्लान की सड़कों पर फिर से शुरू होगा मकानों के तोड़ने का सिलसिला

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर ●** नगर निगम द्वारा केन्द्र सरकार से मिले विशेष पैकेज से 23 मास्टर प्लान की सड़कों का निर्माण किया जा रहा है, जिसके तहत नगर निगम ने एलआईजी चौराहे से चंद्र नगर चौराहे तक 350 बाधक मकानों के हिस्से हटाए गए थे। इसके बाद नगर निगम ने मास्टर प्लान की 8 सड़कों की चौड़ाई बढ़ाने के लिए सेंट्रल लाइन और मार्किंग करने काम किया जा रहा है। इन सड़कों पर लगभग 600 मकान बाधक हैं, जिन्हें हटाने की कार्रवाई के लिए निगम ने रहवासियों को स्वयं भवन का बाधक हिस्सा हटाने के नोटिस दिए हैं, वहीं रहवासियों का कहना है कि सड़कों को चौड़ा करने के नाम कब तक मकान तोड़े जाएंगे।

### सेंट्रल लाइन और मार्किंग का काम जारी

रहवासी स्वयं हटाएं बाधक हिस्सा शहर में मास्टर प्लान की बनने वाली 23 में से अभी 10 सड़कों का काम चल रहा है। इसके साथ ही 5 से 8 सड़कों पर सेंट्रल लाइन डलने के साथ मकान-दुकान के बाधक निर्माणों पर निशान लग गए हैं। अब जिन रोड पर बाधक निर्माण चिह्नित हो गए हैं, उन पर जल्द ही तोड़फोड़ होगी, क्योंकि निगमायुक्त के निर्देश पर संबंधित जोन के बिल्डिग अफसर (बीओ) और इंस्पेक्टर (बीआई) काम पर लग गए हैं। इसके साथ ही लोगों को स्वयं ही तोड़फोड़ करने के नोटिस जारी किए जा रहे हैं।

निगमायुक्त दिलीप कुमार यादव ने निगम के अफसरों के साथ-साथ निर्माण एजेंसी के कर्ताधर्ताओं को स्पष्ट कर दिया था कि निर्धारित समय-सीमा में गुणवतापूर्ण सड़क निर्माण कार्य हो जाए। मास्टर प्लान की जिन सड़कों पर सेंट्रल लाइन चिह्नित होने सहित निशान लग गए है, उन सड़कों पर बाधक निर्माण हटाने के निर्देश दिए। इस निर्देश के बाद संबंधित जोन के बीओ बीआई तोड़फोड़ करने की तैयारी में जुट गए है, ताकि सड़क निर्माण कार्य शुरू किया जा सके। निगमायुक्त यादव ने कहा- जिन रोड पर सेंट्रल लाइन डलने के साथ बाधक निर्माण चिह्नित करने का काम बाकी है, वहां पर भी यह काम करने का योजना शाखा के अफसरों से कहा है।

### ये सड़कें की जाएंगी चौड़ी

1. वीर सावरकर प्रतिमा जंजीरवाला अटल गेट एमआईजी थाने तक।
2. मधुमिलन चौराहा से छावनी चौराहा होते हुए जगन्नाथ धर्मशाला तक।
3. जीपीओ से संयोगितागंज, छावनी, श्रद्धानंद मार्ग होते हुए सरवटे बस स्टैंड तक।
4. जिसी चौराहा से सुभाष मार्ग होते हुए रामबाग पुल तक।
5. जिसी चौराहा (सुभाष मार्ग) से लक्ष्मीबाई प्रतिमा तक।
6. सुभाष मार्ग से कंडिलपुरा होते हुए इंदौर वायर फैक्टरी तक।
7. गुटकेश्वर महादेव मंदिर किला मैदान रोड से जूना रिसाला होते हुए सदर बाजार तक।
8. भमोरी प्लाजा से एरोप्लेन चौराहे तक।

## न्यूज ब्रीफ

- मैक्सिको में सैन्य मेडिकल विमान दुर्घटनाग्रस्त, मरीज समेत 5 लोगों की मौत
- लखनऊ : यूपी बीजेपी अध्यक्ष पंकज चौधरी आज करेंगे पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस
- श्रीलंकाई नौसेना ने 12 भारतीय मछुआरों को पकड़ा, एक नाव जब्त
- उत्तराखंड में अगले 5 दिनों तक बर्फबारी और बारिश नहीं होगी, देहरादून का मौसम रहेगा साफ-आईएमडी
- ढाका में मीडिया संस्थानों पर तोड़फोड़ का मामला, 17 से अधिक गिरफ्तार
- चीन ने साइलो क्षेत्रों में 100 से अधिक आईसीबीएम तैनात किए, पेंटागन रिपोर्ट में दावा
- इजरायल, ग्रीस और साइप्रस के नेताओं ने क्षेत्रीय सहयोग पर की चर्चा
- चुनाव आयोग आज जारी करेगा केरल, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ की एसआईआर ड्राफ्ट वोटर लिस्ट
- अगस्ता वेस्टलैंड घोटाले के आरोपी क्रिश्चियन मिशेल की जमानत शर्तों में बदलाव पर आज आएगा फैसला
- बीजेपी के कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन आज पटना में करेंगे रोडशो

### आईएएस संतोष वर्मा फर्जी आदेश मामले में नया मोड़

## निलंबित जज और टाइपिस्ट को जमानत देने वाले सेशन जज का इंदौर से तबादला

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर ●** आईएएस संतोष वर्मा से जुड़े फर्जी आदेश मामले में एक नया मोड़ सामने आया है। इस प्रकरण में आरोपियों को जमानत देने वाले सेशन जज का तबादला कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार, हाईकोर्ट जबलपुर के रजिस्ट्रार जनरल ने इंदौर जिला न्यायालय में पदस्थ सेशन जज प्रकाश कसेरा का तबादला आदेश जारी किया है। उन्हें इंदौर से सीधी रामपुर सेशन कोर्ट में पदस्थ किया गया है। यह आदेश एक दिन पहले पारित किया गया। इंदौर की एमजी रोड थाना पुलिस




ने 2021 में आईएएस संतोष वर्मा के खिलाफ फर्जी न्यायिक आदेश तैयार करने के आरोप में केस दर्ज किया था। इस मामले में इंदौर में पूर्व में पदस्थ जज वीरेन्द्र सिंह रावत और उनकी कोर्ट की टाइपिस्ट नीतू सिंह आरोपी हैं।

सेशन जज प्रकाश कसेरा ने इस केस में पहले निलंबित जज वीरेन्द्र सिंह रावत को अग्रिम जमानत प्रदान की थी। वहीं, टाइपिस्ट नीतू सिंह को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद रिमांड अवधि के दौरान 19 दिसंबर 2025 को जमानत दी गई थी।

### एमजीएमएमसी मामला : शिकायत किसने की नहीं बता पाए

## रैगिंग मामले में कॉलेज प्रबंधन लगा लीपापोती करने में

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर ●** एमजीएम मेडिकल कॉलेज के एमबीबीएस के प्रथम वर्ष के छात्रों के साथ द्वितीय वर्ष के छात्रों ने निजी फ्लेट में रैगिंग की। इसमें उनके साथ मारपीट की गई। शराब पिलाने की कोशिश के साथ डांस भी कराया गया। इस तरह की एक लिखित शिकायत एमजीएम मेडिकल कॉलेज को मिली थी।

शिकायत में पीड़ितों और आरोपियों के नाम भी दिए गए थे। इसमें पीड़ित में एक शहर के नामचीन डॉक्टर का पुत्र था, तो आरोपियों में भी एक सीनियर डॉक्टर का पुत्र का नाम था। इससे कॉलेज में हड़कंप मच गया। सोमवार को डीन डॉ. अरविंद घनघोरिया ने खुलासा किया कि शिकायत झूठी है और किसी ने जानबूझकर छात्रों को उलझाने के लिए की है। डीन घनघोरिया ने कहा कि एंटी रैगिंग कमेटी के सदस्यों शिकायत मिलने के तुरंत बाद जांच शुरू की और जूनियर व सीनियर छात्रों के बयान अलग-अलग दर्ज किए हैं। सभी ने आरोपों से इनकार किया। जांच में स्पष्ट हुआ कि बेनाम शिकायत निराधार है। प्रथम दृष्ट्या यह किसी आपसी मतभेद के चलते की गई झूठी शिकायत प्रतीत होती है। इस मामले का खुलासा के लिए डीन ने मेडिकल कॉलेज में प्रेसवार्ता की थी, इसमें उन्होंने जानकारी दी कि गुमनाम शिकायत की है। जब उनसे सवाल पूछा गया कि जिस कमरे में शिकायत पत्र रखा गया था, वहां सीसीटीवी कैमरे लगे हैं, उसमें जांच की गई? इस पर डॉ. सुमित्रा महाजन ने कहा कि इतने ज्यादा लोग आते-जाते हैं, कैसे चेक कर सकते हैं। वहीं डीन ने कहा कि इसकी भी जांच करेंगे।

## शेष बचे 09 दिन... साल 2025 की यादें होगी ताजा 'दैनिक इंदौर संकेत' के साथ



**इंदौर ● दैनिक इंदौर संकेत।** इंदौर में इस वर्ष ट्रैफिक को लेकर एक बहुत बड़ा परिवर्तन हुआ। सन 2013 में शुरू हुआ लगभग 12 किमी लंबा बीआरटीएस कॉरिडोर को हटा दिया गया। यह ट्रैफिक जाम का कारण बन रहा था और अब इसे तोड़कर सड़क किनारे सामान्य लेन में बसों का संचालन हो रहा है, जिससे यात्रियों को बसें लेट मिलने और समय ज़्यादा लगने जैसी परेशानी हो रही है।

### जागा डीएवीवी | कार्यपरिषद बैठक में भूमि अतिक्रमण पर तीखी बहस

## ईसी की मंजूरी के बिना विश्वविद्यालय की एक इंच जमीन भी नहीं दी जाएगी

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर ●** देवी अहिल्या विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद की बैठक में संवाद क्रांति संयोजक पंकज प्रजापति के द्वारा उठाए गए मामले विश्वविद्यालय की भूमि पर हो रहे अतिक्रमण, विभिन्न शासकीय विभागों को भूमि आवंटन तथा भविष्य की विकास योजनाओं को लेकर गंभीर चर्चा और तीखी बहस हुई। बैठक में दो टूक कहा गया कि कार्यपरिषद की अनुमति के बिना विश्वविद्यालय की एक इंच भूमि भी किसी विभाग या संस्था को नहीं दी जाएगी।

बैठक के दौरान सदस्यों ने विश्वविद्यालय परिसर एवं उससे जुड़े क्षेत्रों में लंबे समय से चले आ रहे अतिक्रमण पर गहरी चिंता व्यक्त




की। सदस्यों का कहना था कि पूर्व में हुए अवैध कब्जों के कारण विश्वविद्यालय की शैक्षणिक और प्रशासनिक गतिविधियां प्रभावित हुई हैं। इस पर विश्वविद्यालय प्रशासन को निर्देश दिए गए कि अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जाए।

### *कुलपति ने रखी विश्वविद्यालय की आवश्यकता*

*बैठक में कुलपति प्रो. राकेश सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय में नए प्रोजेक्ट्स, विभागों और अकादमिक गतिविधियों के विस्तार के लिए भूमि की अत्यंत आवश्यकता है। ऐसे में अतिक्रमण मुक्त भूमि पर ही भविष्य की योजनाओं को मूर्त रूप दिया जा सकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भूमि से जुड़े सभी निर्णय कार्यपरिषद की स्वीकृति से ही लिए जाएंगे।*

# अस्थाई सीईओ के चलते बेहाल हुई देपालपुर जनपद पंचायत

## भगवान भरोसे चल रहा जनपद का कार्य

निलेश चौहान : 94250-77209

**देपालपुर ● दैनिक इंदौर संकेत**
मामला देपालपुर जनपद पंचायत के सीईओ का है जिले की सबसे बड़ी जनपद पंचायत देपालपुर है लेकिन यहां पर पिछले 6 माह से स्थाई जनपद सीईओ नहीं है यहां के सीईओ रहे एमएल वर्मा रिटायर हो चुके हैं। लेकिन उसके बाद देपालपुर को आज तक स्थाई जनपद सीईओ नहीं मिला प्रभारी के भरोसे पंचायत का काम चल रहा है जनप्रतिनिधि सरपंच, जनपद सदस्य, सचिव,सीईओ की तलाश में आए दिन परेशान होते हैं। एक तरफ प्रदेश के मुखिया डॉक्टर मोहन यादव इंदौर जिले के प्रभारी मंत्री हैं। उसके बावजूद भी जनपद को सीईओ नहीं मिला वर्तमान में सांवेर की जनपद सीईओ कुसुम मंडलोई को देपालपुर का अतिरिक्त प्रभार दे

### देपालपुर जनपद पंचायत को नहीं मिला 6 माह में जनपद सीईओ

#### अतिरिक्त प्रभार सीईओ हफ्ते में एक बार आती है देपालपुर

निलेश चौहान : 94250-77209

**देपालपुर ● दैनिक इंदौर संकेत**
जनपद पंचायत देपालपुर को जिले की सबसे बड़ी जनपद कहा जाता है। लगभग 100 से अधिक ग्राम पंचायत देपालपुर विधानसभा में आती है, लेकिन यहां पर पिछले 6 माह से स्थाई जनपद सीईओ नहीं है। पूर्व में रहे जनपद सीईओ जनप्रतिनिधियों और कर्मचारियों को घंटों इंतजार करना पड़ता है। जानकारी में यह भी पता चला है कि जनपद में अलग-अलग विभाग में काम के लिए प्रभारी बनाए गए हैं। जो भी काम होता है वह प्रभारी के माध्यम से कराए जाते हैं। एक तरफ तो प्रदेश सरकार अधिकारियों को 10:00 बजे उपस्थित होने के

रखा है। लेकिन मैडम को सांवेर से ही फुर्सत नहीं है। क्योंकि सांवेर मंत्री का इलाका है सांवेर भी बड़ी विधानसभा क्षेत्र है ज्यादातर मंत्री तुलसी सिलावट के आदेशों का पालन सीईओ कुसुम




मंडलोई को करना पड़ता है। इसलिए वह देपालपुर में ज्यादा ध्यान नहीं दे पाती जिसका भुगतान देपालपुर जनपद के कर्मचारी और जनप्रतिनिधियों को करना पड़ता है। कहीं बार सरपंच या जनपद सदस्य को मिलने के लिए परेशान होना पड़ता है। सीईओ कुसुम मंडलोई जनपद देपालपुर में हफ्ते में एक बार आती हैं उसमें भी उनका समय निश्चित नहीं रहता है कभी 12:00 आ जाते हैं कभी 3:00 बजे तो कभी शाम को जनपद आते हैं। कहीं बार देखने में आया है। कि सीईओ से किसी डॉक्यूमेंट पर साइन करना हो तो अपनी जेब खर्चे पर सांवेर जनपद जाना पड़ता है।

देपालपुर जनपद के जनप्रतिनिधियों ने अब सीधे कलेक्टर से गुहार लगाई है की देपालपुर जनपद को कब सीईओ मिलेगा साथ ही कहा गया है जनपद अध्यक्ष से लेकर प्रधानमंत्री तक भाजपा के लोग बैठे हैं उसके बावजूद भी जनपद की दुर्दशा अधिकारी नहीं होने से खराब हो रही है इसलिए इंदौर कलेक्टर शिवम वर्मा को देपालपुर की जनपद पर विशेष ध्यान देना की जरूरत है अधिकारी नहीं होने से सत्ता और प्रशासन की सभी धूमिल हो रही है देपालपुर जनपद में कई लोग अपनी मर्जी के मालिक बन बैठे हैं।

इस मामले में जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि गुमान सिंह पवार ने बताया कि ट्रांसफर अभी बंद है इस कारण देपालपुर जनपद को अभी स्थाई सीईओ नहीं मिला है लेकिन हमारे विधायक लगातार प्रयास कर रहे हैं उन्होंने उच्च अधिकारियों के संज्ञान में मामले को डाला है जल्द ही देपालपुर को स्थाई जनपद सीईओ मिलेगा साथ ही कहा है कि सीईओ नहीं होने से थोड़ी कठिनाई तो आती है फिर भी हम सुचारू रूप से जनपद का कार्य करवा रहे हैं ताकि किसी सरपंच या सचिव को परेशानी नहीं हो।

## न्यूज ब्रीफ

### अभा अध्यक्ष पद पर इंदौर से अधिवक्ता प्रबल भार्गव निर्वाचित

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर ●** इस गहमागहमी वाले चुनाव में अखिल भारतीय नार्मदीय ब्राह्मण समाज के युवा संगठन के अखिल भारतीय अध्यक्ष पद पर इंदौर से अधिवक्ता श्री प्रबल भार्गव निर्वाचित हुए।



विजयी प्रत्याशियों को सफलता दिलाने में महेंद्र शुक्ला, अश्विन उपाध्याय, जयप्रकाश शर्मा, मुकेश शर्मा, कपिल शर्मा तथा विजय बड़ोले द्वारा बनाई गई रणनीति की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस समूह ने प्रत्याशियों को सफलता दिलाने हेतु देशव्यापी भ्रमण किया। इस निर्वाचन में देश स्तर पर सक्रिय 48 इकाइयों के निर्वाचित प्रतिनिधियों ने मतदान किया। उज्जैन इकाई द्वारा की गई व्यवस्थाओं की देश भर से पधारे प्रतिनिधियों ने मुक्त कंठ से सराहना की। मनोज पाराशर तथा निर्वाचन मंडल ने पूरी निष्पक्षता से निर्वाचन कार्यक्रम सम्पन्न कराया। अंत में उज्जैन इकाई के अध्यक्ष मनोज शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### ब्रिजस्टोन इंडिया ने इंदौर जिले में कुटी ग्रामीण विद्यालय का पुनर्निर्माण कराया

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर ●** ब्रिजस्टोन इंडिया ने अपनी कॉरपोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) पहल के तहत मध्य प्रदेश में नेशनल ऑटोमोटिव टेस्ट ट्रैक्स (नेट्रैक्स) के नजदीक कुटी गांव के सरकारी स्कूल का पुनर्निर्माण कराया है। बदलाव के इस कदम से वंचित समुदाय के बच्चों के लिए शिक्षा का बेहतर बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। इन वंचित समुदायों में जनजातीय समूह और उत्तर प्रदेश एवं बिहार से आए प्रवासी परिवार शामिल हैं। इस स्कूल में मुख्यत: दिहाड़ी मजदूरों, सब्जी विक्रेताओं और निर्माण श्रमिकों के बच्चे पढ़ते हैं। इस सीएसआर पहल से पहले न्यूनतम बुनियादी ढांचे के साथ यह स्कूल असुरक्षित एवं जीर्ण-शीर्ण स्थिति में संचालित हो रहा था। यहां आधारभूत सुविधाएं नहीं थीं और यहां पढ़ने वाले 175 से अधिक छात्रों के लिए पर्याप्त जगह भी नहीं थी।

### डीएसपी म्युचुअल फ़ंड ने इंडेक्स फ़ंड और ईटीएफ लॉन्च किया

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर ●** डीएसपी म्यूचुअल फ़ंड ने आज दो नए पैसिव इंवेस्टमेंट के प्रस्तावों, डीएसपी निफ़्टी 500 इंडेक्स फ़ंड और डीएसपी निफ़्टी नेक्स्ट 50 ईटीएफ को लॉन्च करने की घोषणा की, जिसका उद्देश्य इंवेस्टर्स को अच्छी तरह से स्थापित बेंचमार्क सूचकांकों के ज़रिए भारत के इक्विटी बाज़ारों में विविध, पारदर्शी और लागत प्रभावी ऐक्सेस देना है। यह लॉन्च अपने पैसिव इंवेस्टमेंट प्लैटफ़ॉर्म के विस्तार पर डीएसपी म्यूचुअल फ़ंड के निरंतर ध्यान को मज़बूत करता है, जो इंवेस्टमेंट्स को सरल बिल्डिंग ब्लॉक देता है जो बाज़ार चक्रों में ऐक्टिव रणनीतियों को पूरक कर सकता है।

### लैम्बॉर्गिनी एस्पेरिएन्ज़ा गिरो इंडिया ने अपने 5वें संस्करण का सफल समापन किया

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर ●** लक्ज़री एवं लाईफस्टाइल एक्सपेरिएंशिएल ड्राइविंग प्रोग्राम लैम्बॉर्गिनी एस्पेरिएन्ज़ा गिरो इंडिया ने अपने 5वें संस्करण का सफल समापन किया, लैम्बॉर्गिनी के 80 से अधिक उपभोक्ताओं ने उत्तर एवं दक्षिण भारत के शानदार रास्तों पर आयोजित इस प्रोग्राम में हिस्सा लिया और तीन दिनों के दौरान 1500 किलोमीटर से अधिक दूरी तय की। पहली बार गिरो ने दो स्वतन्त्र रूप से क्यूरेट किए गए मार्गों का अनुसरण किया- एक का नेतृत्व हमारी दिल्ली-मुंबई डीलर टीम के द्वारा तथा दूसरी का नेतृत्व बैंगलुरू द्वारा किया गया। दोहरे रूट के इस फोर्मेट से उपभोक्ताओं को अपने घर के नज़दीक ही गिरो में शामिल होने का फायदा मिला।

# जीण माता के मंगल पाठ में 11 जनवरी को 108 फीट लंबी चुनरी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर ●** मालवांचल के भक्तों द्वारा अंग्रेजी नए वर्ष में इस बार रविवार, 11 जनवरी को एबी रोड, राजीव गांधी चौराहा स्थित द मीरा गार्डन पर श्री जीण मैय्या के मंगल पाठ का दिव्य आयोजन होगा। इस दौरान मातारानी को जयपुर से बुलवाई गई 108 फीट लंबी चुनरी व जयपुर की ही सुहाग पिटारी, मथुरा से बुलवाए गए फूलों और 108 फीट लम्बे गजरे से पूजा-अर्चना एवं मनोहारी श्रृंगार का अनुष्ठान होगा। मालवांचल के करीब 20 जिलों से आने वाले 10 हजार से अधिक श्रद्धालु इस मौके पर शामिल होंगे। उत्सव की व्यापक तैयारियां प्रारंभ हो गई हैं।

श्री जीण धाम ट्रस्ट की ओर से शिवरतन खंडेलवाल एवं धर्मेश बबलू मित्तल ने बताया कि मालवा मिल स्थित अग्रवाल पंचायत भवन पर रविवार को आयोजित बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार इस बार भी जीण माता का भव्य व मनमोहक दरबार तथा पुष्प बंगला तो सजेगा ही, वाराणसी (उ.प्र.) की प्रख्यात मंगल पाठ वाचिका श्रीमती पायल अग्रवाल (काशी की बेटी) अपने मधुर कंठ से मातारानी की महिमा का गुणगान करेंगी। गत वर्ष भी हजारों भक्तों ने इस महोत्सव में शामिल होकर शहर की गौरवशाली परंपरा के अनुरूप इसे गरिमापूर्ण एवं अभूतपूर्व बनाने का संकल्प लिया था। इस बार महोत्सव में कलकत्ता के सोहनी चक्रवती के निर्देशन में डांस ग्रुप के कलाकारों द्वारा माता को



समर्पित नाट्य प्रस्तुति भी विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी। महोत्व में भजन गंगा भी होगी। मंगल पाठ रविवार, 11 जनवरी को दोपहर 2 बजे से प्रारंभ होगा। दिव्य अखंड ज्योत भी प्रज्वलित होगी, जिसमें पूरे समय श्रद्धालु कतारबद्ध होकर अपनी आहुतियां समर्पित करेंगे। माताजी को 56 भोग भी समर्पित किए जाएंगे। महोत्सव की तैयारियों के लिए आयोजित इस बैठक में बड़ी संख्या में शहर के माता भक्तों ने शामिल होकर संकल्प लिया कि वे हरसंभव महोत्सव को सार्थक और गरिमापूर्ण बनाएँगे।

महोत्सव के लिए अब तक राजस्थान के सीकर जिला स्थित मुख्य जीण धाम मंदिर, पाटनी पुरा इंदौर स्थित जीण धाम, खजराना गणेश मंदिर, ग्रेटर बृजेश्वरी स्थित जीण धाम एवं बंगाली चौराहा स्थित जीण धाम पर निमंत्रण समर्पित किए जा चुके हैं। महोत्सव की तैयारियों के लिए नियमित बैठकों का सिलसिला भी शुरू हो चुका है।

# एक ही छत के नीचे होंगे सभी शिक्षा कार्यालय, बनेगी सबसे ऊंची बिल्डिंग

**दैनिक इंदौर संकेत**

**भोपाल ●** स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह कहा कि राजधानी में अब शिक्षा के सभी कार्यालय एक ही छत के नीचे लगाये जाएंगे। अगर परमीशन मिली तो यहां प्रदेश की सबसे ऊंची बिल्डिंग तैयार की जाएगी। इसके लिए प्रक्रिया चल रही है। शिक्षा का गुणात्मक विकास करने के लिए तीस हजार शिक्षकों की भर्ती की जा रही है। साथ ही प्रदेश में संस्कृत योग और वेदों को बढ़ावा देने के लिए दो जिलों में आदिशंकराचार्य गुरूकुल खोले जा रहे हैं। रविवार को उन्होंने अपने दो वर्ष की उपलब्धियां गिनाते हुए कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन हॉल में एक संवाददाता सम्मेलन में यह बात कही है।

स्कूल शिक्षा मंत्री ने कहा कि शिक्षा का गुणात्मक विकास करने के लिए निरंतर प्रयास हो रहे हैं। अब पहली छठवीं और नवी में बच्चों के शत प्रतिशत प्रवेश कराने के लिए प्राचार्य और हेड मास्टर की जवाबदारी होगी। मंत्री ने कहा कि अप्रैल से जब सत्र शुरू होगा तो बच्चों को हर सुविधा मिलेगी। सत्र के पहले ही दिन से ही यहां साइकिल गणवेश और किताबें मिल जाएंगी। उन्होंने कहा कि छात्रावास के ऑनलाइन सिस्टम की व्यवस्था हो रही है। नियमित निरीक्षण होगा। जो स्कूल विद्युत विहीन हैं। वहां नए सत्र के दौरान बिजली उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि सब कुछ ठीक रहा तो राजधानी में शिक्षा के सभी कार्यालय एक ही छत के नीचे लगेंगे। इसके लिए मध्य प्रदेश की सबसे ऊंची 22 मंजिला बिल्डिंग तैयार करवा रहे हैं। मंत्री ने कहा कि नरसिंहपुर और राजगढ़ में आदि शंकराचार्य गुरुकुलम शुरू किया जा रहा है। जहां संस्कृत वेद और योग की शिक्षा दी जाएगी।



### पीएमश्री विद्यालयों का होगा विकास

प्रदेश में संचालित 799 पीएमरी एवं 275 सांदीपनि स्कूलों का मॉडल राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत विकास किया जाएगा। इसके लिए योजना तैयार हो रही है। सांदीपनि आश्रम विद्यालयों की स्थापना के लिए नवोदय आवासीय मॉडल का अध्ययन किया जा रहा है। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में सौ फीसदी, नेताजी सुभाषचन्द्र बोस छात्रावासों में 84 प्रतिशत एवं 24 फीसदी मिडिल शालाओं में स्मार्ट क्लास लगाई जा रही हैं। सभी कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में आईसीटी लैब स्वीकृत हो गई हैं।

### नामांकन दर में वृद्धि, रिजल्ट भी बढ़ा

पिछले वर्ष 19.6 फीसदी नामांकन था। जो बढ़ते हुए अब 32. 4 प्रतिशत हुआ है। निजी विद्यालयों में पढ़ने वाले लगभग 8 लाख 50 हजार बच्चों की फीस प्रतितपूर्ति की जा रही है। मंत्री ने बताया कि सीबीएसई परीक्षाओं में अनुत्तीर्ण होने वाले मप्र राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड से आवेदन कर सकते हैं। संभाग स्तर पर परीक्षा होगी, जिसके परिणाम 15 दिवस में जारी होंगे।

# ईओडब्ल्यू ने 3.12 करोड़ की धोखाधडी में बिल्डर्स एएम, अलमोईन देवकान और जेएसआर पर की एफआईआर

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर ●** आर्थिक अन्वेषण शाखा (ईओडब्ल्यू) ने एक बार फिर एक्शन में आते हुए 3.12 करोड़ की धोखाधड़ी में तीन बिल्डर्स ग्रुप पर केस दर्ज किया है। इंदौर की उत्कर्ष पैराडाईज कॉलोनी मामले में एएम बिल्डर्स एन्ड डेवलपर्स, अलमोईन देवकॉन प्रालि एवं जेएसआर रियलीटी पर केस किया है। ईओडब्ल्यू ने आरोपी एएम बिल्डरर्स के डायरेक्टर साजिद शेख पिता आमीन निवासी ग्रीन पार्क कॉलोनी इंदौर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। इसके साथ ही अलमोइन देवकान प्रालि के संचालक राशिद शेख पिता आमीन व जेएसआर रियलिटी के संचालक मोहम्मद जावेद शेख पर भी आईपीसी धारा 409, 420, 120बी के तहत केस दर्ज किया है।

**यह है मामला-** फरियादी गौतम पिता गजेन्द्र जैन निवासी विजय नगर ने साल 2012 में सिराज सिट्टीकी से उत्कर्ष पैराडाईज कॉलोनी में आवासीय भूखण्ड क्षेत्रफल 17151 वर्गफीट लिया था। इस भूखंड का सौदा एएम बिल्डरर्स के डायरेक्टर साजिद शेख और गौतम जैन के बीच हुआ। इसके लिए कुल 06 चेक राशि 1 करोड 50 लाख के दिए गए थे जो कि बाउंस हो गए। इस तरह जैन को राशि नहीं मिली। साल 2013 में गौतम जैन व साजिद शेख के मध्य विक्रय अनुबंध एवं पॉवर ऑफ अटॉर्नी इस प्लॉट पर बहुमंजिला इमारत बनाने के लिए किया गया। इसी अनुबंध पर अगस्त 2014 में साजिद शेख ने अलमोईन देवकॉन के डायरेक्टर मोहम्मद राशिद शेख को ये प्लाट रजिस्ट्री कर बेच दिया।

बाद में एएम बिल्डर के डायरेक्टर साजिद शेख एवं अलमोईन देवकॉन प्रालि के डायरेक्टर मो राशिद शेख की ओर से उनके भाई मो जावेद शेख जो कि जेएसआर रियलिटी के डायरेक्टर हैं ने गौतम जैन से नया समझौता किया।

इसमें भूखण्ड क्रमांक 307 के लेन-देन के एवज में गौतम जैन को महू में गोल्डसिटी कॉलोनी का एक 32,276 वर्गफीट का प्लॉट का 100 रुपए के स्टाम्प पेपर पर विक्रय अनुबंध किया गया। लेकिन इसकी भी रजिस्ट्री नहीं की। इस प्रकार साजिद शेख, राशिद शेख एवं जावेद शेख द्वारा गौतम जैन को भूमि (प्लॉट नं 307) के बदले विक्रय प्रतिफल का भुगतान नहीं किया गया। भूमि हडप कर गबन कर लिया।

**उधर प्लाट पर मल्टी बिना बनाए फ्लैट बेचे-** वहीं इन तीनों के द्वारा प्लॉट नंबर 307 पर बहुमंजिला इमारत एएम गिन्नी में 52 फ्लैट का काम शुरू किया गया, जो 12 सालों से नहीं बनी। लेकिन इसमें शिकायत कर्ता कमलेश सैनानी को पहली मंजिल पर फ्लैट नंबर 110 बेचा गया। इसके लिए 15,65,000/- (पंद्रह नाख पैंसठ हजार) रुपए अलमोईन देवकॉन के डायरेक्टर मो0 राशिद को दिए गए।

इसी तरह स्नेहलता हांडा निवासी न्यू पलासिया द्वारा एएम गिन्नी बहुमंजिला मल्टी में कुल 06 फ्लैट खरीदे गए। इसके लिए 27,64,412/-(सत्तईस लाख चौसठ हजार चार सौ बारह) का भुगतान अलमोईन देवकॉन के डायरेक्टर राशिद शेख को किया गया । लेकिन दोनों को आज तक फ्लैट नहीं मिले।

**इस तरह हुई 3.12 करोड़ की धोखाधड़ी-** इस प्रकार एएम बिल्डर के संचालक साजिद शेख, अलमोईन देवकॉन के संचालक मोहम्मद राशिद शेख एवं जेएसआर रियलिटी के संचालक मोहम्मद जावेद शेख द्वारा पहले गौतम जैन से प्लाट लेने के नाम पर 2.70 करोड़ की धोखाधड़ी की गई।

## पिंक फ्लावर स्कूल ने 45वां वार्षिक उत्सव 'गूंज 2025' हर्षोल्लास के साथ मनाया



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर ●** पिंक फ्लावर हायर सेकेंडरी स्कूल ने अपना 45वां वार्षिक उत्सव 'गूंज 2025' रविंद्र नाट्य गृह में अत्यंत गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में आयोजित किया। यह आयोजन विद्यार्थियों की प्रतिभा एवं भारत की विविध सांस्कृतिक विरासत का सुंदर प्रदर्शन रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती शांता सोनी ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए विद्यालय की शैक्षणिक एवं सहशैक्षणिक उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि माननीय सुश्री ऐका सोनी, सिविल जज (जूनियर डिवीजन), इंदौर रहीं। अपने संक्षिप्त एवं प्रेरणादायी संबोधन में उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, आत्मविश्वास और नैतिक मूल्यों के साथ लक्ष्य प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा दी।



## अग्रसैन सोशल ग्रुप द्वारा आयोजित दो दिवसीय परिचय सम्मेलन का दूसरा दिन म टहिलाओं को समर्पित रहा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर ●** अग्रसैन सोशल ग्रुप द्वारा आयोजित दो दिवसीय परिचय सम्मेलन का दूसरा दिन म टहिलाओं को समर्पित रहा। मंच संचालन मिलन संपर्क प्रत्याशी परिचय से लेकर सभी व्यस्थाओ को महिलाएं बखूबी सम्हाल रही थी। दूसरे दिन महिला सत्र का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रीमति आशा कैलाश विजयवर्गीय एवं मीरा सुभाष गोयल द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ प्रारम्भ हुआ। सभी अतिथियों को पुष्प हार के स्थान पर छोटे- छोटे गमले देकर स्वागत किया गया। श्रीमति आशा विजयवर्गीय ने अपने उदबोधन कहा की मातृ शक्ति आज हर क्षेत्र में आगे हैं आज सोशल ग्रुप सभी व्यस्थाओ को इनके जिम्मे करके प्रेरणादायक कार्य किया है। विवाह सम्बंध तय करने के पूर्व दोनो पक्ष पूर्ण जानकारी अवश्य लेवे।

## इंदौर का पितृ पर्वत बना नया धार्मिक डेस्टिनेशन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर ●** इंदौर का पितृ पर्वत, जहाँ कभी रात होते ही सन्नाटा पसर जाता था, वहीं आज इस पहाड़ी पर देर रात तक श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है। शहरवासियों के दिल में इस स्थान के प्रति भक्ति, आस्था और आकर्षण तेजी से बढ़ता जा रहा है। खजराना गणेश मंदिर के बाद अब पितृ पर्वत भी इंदौर का नया आध्यात्मिक हब बनकर उभर रहा है।

इंदौर का पितृ पर्वत पिछले कुछ महीनों में धार्मिक पर्यटन का बड़ा केंद्र बन गया है। यहां स्थापित विशाल हनुमान प्रतिमा और धार्मिक गतिविधियों के चलते लोग सुबह से देर रात तक आते-जाते दिखाई देते हैं। खास



बात यह है कि जहाँ कभी यह क्षेत्र रात में सुनसान माना जाता था, वहीं अब यहाँ लगातार भीड़ देखी जा सकती है। आज शाम नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय भी पितृ पर्वत पहुंचे। उनके साथ उनके बचपन के मित्र हरिनारायण यादव भी मौजूद रहे, जिनके साथ मंत्री ने पुराने दिनों की यादें भी ताजा कीं। मंत्री विजयवर्गीय ने परिसर में मौजूद गायों को गुड़ और रोटी खिलाई और आशीर्वाद प्राप्त किया।

## भोजपुरिया वेलफेयर सोसाइटी का छठ मिलन समारोह संतोष सभागृह पर संपन्न हुआ



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर ●** भोजपुरिया वेलफेयर सोसाइटी का छठ मिलन समारोह संतोष सभागृह पर संपन्न हुआ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नेता दीपक जैन टीनू भाजपा नगर मंत्री गुलशन यादव समाज के वरिष्ठ ठाकुर जगदीश सिंह करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह गौतम निर्मल दुबे धुरंधर यादव अजय झा एवं पीथमपुर मंडल के सभी सदस्य उपस्थित थे कार्यक्रम में भोजपुरिया समाज के अध्यक्ष बटेश्वर नाथ सिंह द्वारा भोजपुरिया समाज के मीडिया प्रभारी सुरेश सूरजवानी, डीएस मिश्रा भगवान सिंह यादव, सुषमा यादव, ज्योति गां गले, राधेश्याम शर्मा मनोज हडिया आदि का दुपट्टा पहनना कर वह गुलदस्ता देकर सम्मान किया गया कार्यक्रम को सफल बनाने में हेमंत सिकरवार कोषाध्यक्ष विनोद सिंह बेस हरेंद्र सिंह शैलेंद्र सिंह वरिष्ठ सदस्य नंदलाल सिंह हेमचंद्र पोद्दार केशव सिंह मनोज शर्मा श्रवण शर्मा आलोक सिंह प्रमोद सिंह निर्मल मिश्रा गुड्डू सिंह रामकिशोर पाल आदि सदस्य ने उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया।

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत
इंदौर, मंगलवार 23 दिसंबर 2025

न्यूज ब्रीफ

### श्रीशैलम में इंदौर एवं मालवांचल के 200 श्रद्धालुओं ने 7 दिनों तक सुनी शिव महापुराण कथा

**इंदौर** • किसी भी राष्ट्र की वास्तविक उन्नति तभी संभव है जब हम अपनी मूल संस्कृति और संस्कारों को जीवित रखने का सार्थक पुरुषार्थ करें। समाज को नैतिक और सांस्कृतिक चेतना से जोड़ने के लिए शिव महापुराण और भागवत तथा रामचरितमानस जैसे धर्म ग्रंथों पर आधारित अनुष्ठान नियमित रूप से होना चाहिए। आज समाज की नई पीढ़ी को धर्म, संस्कृति और देश के गौरवशाली इतिहास से जोड़कर उन्हें एक संस्कारित राष्ट्र के निर्माता के रूप में प्रतिष्ठित करने की जरूरत है। ये दिव्य विचार हैं इंदौर के भागवताचार्य पं. आयुष्य दाधीच के, जो उन्होंने दक्षिण भारत के श्रीशैलम स्थित मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग पर गत 16 दिसम्बर से चल रहे शिव महापुराण कथा सत्संग के अनूठे आयोजन में उपस्थित इंदौर एवं मालवांचल के लगभग 200 श्रद्धालुओं को कथा समापन पर राष्ट्र एवं धर्म-संस्कृति की सेवा का संकल्प दिलाते हुए व्यक्त किए

### 2 जनवरी से होने वाले कॉइन एक्सपो में मुद्राशास्त्री गिरीश शर्मा आमंत्रित

**इंदौर** • आगामी 2 से 4 जनवरी तक कोलकाता के वीआईपी रोड स्थित सप्तपर्णी बैंक्वेट हॉल पर कोलकाता कॉइन एक्सपो 2026 का बड़ा आयोजन होने जा रहा है। यह छठी वार्षिक प्रदर्शनी और सम्मेलन के रूप में आयोजित होगा। तीन दिवसीय इस आयोजन में इंदौर के वरिष्ठ मुद्रा शास्त्री गिरीश शर्मा आदित्य को भी प्राचीन दुर्लभ भारतीय मुद्राओं पर व्याख्यान देने हेतु आमंत्रित किया गया है। प्रदर्शनी एवं सम्मेलन के सूत्रधार माणिक साहा, डॉ. उज्जवल साहा एवं शैलेन घोष ने बताया कि इस अवसर पर देश के सभी प्रमुख जाने-माने मुद्रा संग्राहक और विशेषज्ञ भी आमंत्रित किए गए हैं। कार्यक्रम में 4 जनवरी को गिरीश शर्मा आदित्य को वांगिया मुद्रा रत्न पुरस्कार से सम्मानित भी किया जाएगा। गिरिश शर्मा को अब तक 32 लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड प्राप्त हो चुके हैं। कोलकाता में उन्हें 33वां सम्मान मिलेगा।

### अग्रवाल समाज के 21 युगलों का सामूहिक विवाह 13-14 फरवरी को

**इंदौर** • अग्रवाल समाज की अग्रणी संस्था श्री अग्रसेन महासभा की मेजबानी में आगामी 13-14 फरवरी को 21 युगलों के सामूहिक विवाह का वृहद आयोजन महासभा के बायपास स्थित मांगलिक भवन पर किया जाएगा। इसमें शामिल होने वाले सभी युगलों को गृहस्थी चलाने योग्य उपहार तो भेंट किए ही जाएँगे, सभी सामाजिक रस्मों रिवाज का पालन भी किया जाएगा। महासभा के अध्यक्ष कैलाश नारायण बंसल, मंत्री राजेश मित्तल, प्रमुख संयोजक राजेश जिंदल एवं अरुण आष्टा वाले ने बताया कि महासभा द्वारा प्रतिवर्ष सामूहिक विवाह का आयोजन करने की परंपरा का निर्वाह करते हुए इस वर्ष भी सामूहिक विवाह का वृहद आयोजन करने का निर्णय लिया गया है जो महासभा के इतिहास में 38वां आयोजन होगा।

# राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के लिए 197 करोड़ मंजूर
# बैतूल-धार में मेडिकल कॉलेज का आज भूमिपूजन

**भोपाल (एजेंसी)** • डॉ. मोहन यादव सरकार की कैबिनेट बैठक सोमवार को संपन्न हुई। कैबिनेट के निर्णयों की जानकारी देते हुए लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने बताया कि बैठक में उच्च शिक्षा विभाग के प्रस्ताव पर धर्मशास्त्र राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय जबलपुर के दूसरे चरण के निर्माण कार्यों की स्वीकृत के संबंध में कैबिनेट ने निर्णय लिया। इसके लिए 197 करोड़ की मंजूरी दी गई। इसमें कुलगुरु निवास, 12 मल्टी के क्वार्टर समेत अन्य निर्माण भी किए जाएंगे। इसी तरह बैतूल और धार में बनने वाले मेडिकल कॉलेज का भूमिपूजन कल होगा। बैठक में सीएम ने कहा कि बीजेपी के कार्यकर्ताओं को साधने के लिए प्रदेश के सभी जिलों में प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में बनने वाली सभी समितियों का गठन जल्द किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि है जिले में इसका गठन जल्द कराएं और जहां जरूरत हो वहां मनोनयन जल्द कराए जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कैबिनेट में बताया कि इंदौर में अंडरग्राउंड मेट्रो रेल बजट को भी मंजूरी मिल गई है।



### इंदौर में नमाजियों की जमीन वापसी का प्रस्ताव डिफर

मोहन कैबिनेट आज इंदौर नगर के मध्य स्थित जामा मस्जिद के नमाजियों के लिए जमीन आवंटित करने के मामले में लाए गए प्रस्ताव डिफर कर वापस लौटा दिया है। कैबिनेट के एजेंडे में शामिल होने के बाद भी इस पर चर्चा नहीं की गई है। इस एजेंडे में दिग्विजय सरकार में 27 सितंबर 2003 को लिए गए फैसले पर पुनर्विचार को लेकर प्रस्ताव था। इसी एजेंडे में दिग्विजय सरकार में इंदौर के नागरिकों के लिए चिकित्सालय, वाचनालय, उद्यान, कम्युनिटी हॉल, विद्यालय बनाने के लिए जमीन आवंटन के मामले में चर्चा होनी थी जो टल गई।

### इन मुद्दों पर भी हुई चर्चा

मंत्री सिंह ने बताया कि कैबिनेट में लोक निर्माण विभाग के प्रस्ताव पर बड़वाह धामनोद मार्ग का फोरलेन हाइब्रिड एन्युटी मॉडल पर उन्नयन और निर्माण कार्य करने को मंजूरी दी गई। 63 किमी लंबे मार्ग में 2500 करोड़ रुपए का खर्च आएगा। महेश्वर को भी इसके माध्यम से कनेक्टिविटी मिलने जा रही है। एमपीआरडीसी इसका काम कराएगा। 900 करोड़ रुपए की राशि इसके निर्माण के लिए दी जाएगी। टोल नाके एमपी सरकार द्वारा संचालित होंगे। इसके बाद यहां 30 किमी की गति सीमा 100 किमी की गति सीमा हो जाएगी। बजट की सीमा होती है लेकिन विकास कार्यों की सीमा नहीं होती है।

### बैतूल और धार में मेडिकल कॉलेज का भूमिपूजन आज

कैबिनेट बैठक के फैसलों की जानकारी देते हुए लोक निर्माण विभाग के मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि इंदौर में अंडरग्राउंड मेट्रो रेल बजट को भी मंजूरी मिल गई है। भोपाल मेट्रोपॉलिटिन एरिया का मैप भी 20 दिसंबर को जारी हो गया है। पांच जिले, 12 नगरीय क्षेत्र और 30 तहसील इसमें शामिल होंगी। 2524 गांव और 12099 वर्ग किमी का क्षेत्र इसमें शामिल होगा। पीपीपी मोड पर धार, बैतूल में मेडिकल कालेजों का भूमिपूजन केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा 23 दिसंबर को करेंगे। वृंदावन ग्रामों का चयन किया जा रहा है। प्रभारी मंत्री की अनुमति से 230 में से 193 विधानसभा में ऐसे ग्रामों का चयन किया जा रहा है। वृंदावन ग्राम में 500 गोवंश और आबादी 2000 होना चाहिए। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह दो लाख करोड़ के भूमि पूजन ग्वालियर करेंगे। इसके बाद रीवा जाएंगे और कृषि व किसान सम्मेलन में शामिल होंगे और गोवंश वन्य विहार का अवलोकन करेंगे। अलग-अलग प्रदेश के जिलों में जितनी भी महत्वपूर्ण समितियां हैं, उन समितियों का गठन भी जिलों में प्रभारी मंत्री से चर्चा के बाद हो जाएं और काम शुरू किया जाए। जहां मनोनयन होना है वहां जल्दी ही मनोनयन हो जाएगा।

## मप्र में पहले Gen-Z पोस्ट ऑफिस @IIM, का शुभारंभ

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • भारतीय डाक विभाग द्वारा म.प्र. के प्रथम नवश्रृंगारित Gen-Z पोस्ट ऑफिस का शुभारंभ आज श्रीमती प्रीती अग्रवाल पोस्टमास्टर जनरल, इन्दौर डाक परिक्षेत्र तथा श्री हिमांशु राय, डायरेक्टर आईआईएम द्वारा किया गया। आईआईएम परिसर मे स्थापित यह जेन-जी उपडाकघर तकनीक और नवाचार की नई सोच से परिपूर्ण है। यह जेन-जी उपडाकघर पारंपरिक डाक सेवाओं को आधुनिक स्पर्श देता है।

Gen-Z पोस्ट ऑफिस में पारंपरिक डाक सेवाओं को आधुनिक स्वरूप देते हुए माई-स्टाम्प काउंटर पार्सल बुकिंग एवं पैकेजिंग सुविधा, एटीएम कार्ड और आईपीपीबी जैसी वित्तीय सेवाएं व युवाओं को तकनीक- सक्षम वातावरण प्रदान करने के उद्देश्य से परिसर में



फ्री वाई-फाई, कैफेटेरिया, बैठने की व्यवस्थित जगह, त्वरित सेवा सहायता, उनके मनोरंजन के लिए स्ट्रिंग हाकी, स्नेक एवं लेडर, लूडो, शतरंग गेम भी रखे गये है, जो इसे अन्य डाकघरों से पूरी तरह अलग पहचान देते है। इस जेन-जी पोस्ट ऑफिस की सबसे उल्लेखनीय विशेषता यह है कि, इसके सम्पूर्ण आंतरिक व बाहरी स्वरूप को आईआईएम के छात्रों ने स्वयं आधुनिक वाल-पेंटिंग, थीम ग्राफिक्स, प्रतीकात्मक कलाकारी और यूथ-ओरिएंटेड डिज़ाइन के माध्यम से सजाया है। इससे न केवल नवीन Gen-G पोस्ट ऑफिस आकर्षक बन गया है, बल्कि यह विद्यार्थियों की रचनात्मकता, तकनीकी दृष्टिकोण और जेन-जी सोच का जीवंत उदाहरण भी बनकर उभरा है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रोफेसर हिमांशु राय निदेशक आईआईएम इन्दौर द्वारा विभाग की सराहना करते हुए कहा कि, भारतीय डाक सेवा आजादी के पहल से चल रही है और भारत के पहले कमर्शियल पायलट जे.आर.डी. टाटा ने भारत की पहली फ्लाइट में डाक का आदान-प्रदान किया था । इस Gen-Z पोस्ट ऑफिस के लोकार्पण पर डाक विभाग को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं ।

## नेहरू पार्क स्विमिंग पूल में जनता के पैसों की डुबकी, कांग्रेस सेवादल का तंज भरा प्रदर्शन



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • नेहरू पार्क स्विमिंग पूल अब तैराकी का नहीं बल्कि भ्रष्टाचार की तैराकी का प्रतीक बन चुका है। करोड़ों रुपये खर्च करने के बाद भी बदहाल हालत और बार-बार मरम्मत ने नगर निगम की नीयत और नीति दोनों को बेनकाब कर दिया है। इसी जनहित के मुद्दे को उजागर करने के लिए आज जिला कांग्रेस सेवादल ने एक अनोखा और तंज भरा प्रदर्शन किया। जिला कांग्रेस सेवादल के कार्यकारी अध्यक्ष विवेक खंडेलवाल, शीलू सेन एवं गिरीश जोशी के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं ने स्विमिंग पूल में उतरकर मनोरंजन बैंक के नोटों से स्नान कर यह संदेश दिया कि इंदौर नगर निगम जनता के पैसों को किस बेपरवाही से पानी में बहा रहा है। कांग्रेस नेताओं ने तीखा कटाक्ष करते हुए कहा कि जिस पूल में आम नागरिक प्रवेश शुल्क देने से पहले दस बार सोचता है, उसी पूल में सत्ता समर्थित लोग करोड़ों रुपये की मलाई आराम से तैरकर खा रहे हैं। यह पूल सुविधा नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार का शो-पीस बन गया है।

## लव जिहाद का खुलासा, बजरंग दल ने महिला को बचाया, युवक की पिटाई

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • विजयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत रेडिएशन चौराहा स्थित बालवीर पेट्रोल पंप के पास सोमवार देर रात उस समय हंगामे की स्थिति बन गई, जब बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने एक युवक पर हिंदू महिला को प्रताड़ित करने के आरोप लगाए। बजरंग दल के जिला संयोजक लक्की रघुवंशी के अनुसार, स्थानीय लोगों और सूचना मित्रों से सूचना मिली थी कि एक मुस्लिम युवक एक हिंदू महिला के साथ मारपीट कर रहा है और उसे प्रताड़ित कर रहा है। सूचना मिलते ही बजरंग दल के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और महिला को युवक के चंगुल से बाहर निकाला।

कार्यकर्ताओं द्वारा पूछताछ में युवक की पहचान एजाज खान के रूप में हुई। आरोप है कि उसने करीब ढाई साल पहले अपना नाम 'यश' बताकर महिला से संबंध बनाए। जब महिला को युवक की असली पहचान का पता चला, तो उसने विरोध किया, जिसके बाद युवक द्वारा कथित रूप से उसे धमकाने और आपत्तिजनक फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी दी जाने लगी। बताया जा रहा है कि सोमवार रात भी युवक ने महिला को डराकर मालवीय पेट्रोल पंप के पास बुलाया, जहां उसके साथ मारपीट की गई।

## शहर के विभिन्न योग केन्द्रों पर विश्व ध्यान दिवस के उपलक्ष्य में 21 मिनिट के ध्यान योग शिविर संपन्न



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • विश्व ध्यान दिवस के उपलक्ष्य में चमेली देवी योग केंद्र द्वारा शहर में संचालित सभी 16 योग केन्द्रों पर 21 मिनिट का ध्यान योग आयोजित किया गया। इनमें करीब डेढ़ हजार साधकों ने योग की विभिन्न क्रियाओं के माध्यम से विश्व ध्यान दिवस को आत्मसात किया। बालाजी सेवार्थ विनोद अग्रवाल फाउंडेशन और चमेली देवी योग केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में समाजसेवी विनोद अग्रवाल एवं प्रेमचंद गोयल अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम संयोजक किशोर गोयल, प्रवीण मिश्रा, आशा जैन एवं राजेश बंसल ने बताया कि विश्व ध्यान दिवस के उपलक्ष्य में सुबह अन्नपूर्णा मंदिर पर हाल ही में निर्मित वेद भवन के नवीन परिसर में साधकों ने योग की विभिन्न क्रियाओं का प्रदर्शन किया। इसके अलावा गीता भवन, गुरुकृपा कॉलोनी स्थित जय सिया राम केंद्र, छोटा बांगड़दा स्थित बाबा श्री रिसोर्ट, सुखलिया स्थित जंगली दास आश्रम एवं अन्नपूर्णा मंदिर पर के बीच योग शिविरों का आयोजन किया गया।

### महापुरुषों की सन्निधि हमारे अनंत जन्मों की तपस्या का फल - जगद्गुरु स्वामी रामदयाल महाराज

**इंदौर** • संत और महापुरुषों की सन्निधि हमारे अनंत जन्मों की तपस्या के बाद ही मिल पाती है। हम सब सौभाग्यशाली हैं जिन्हें सहज ही इस कलिकाल में भी महापुरुषों का सानिध्य मिल रहा है। संतों और महापुरुषों का जीवन समाज और राष्ट्र के प्रति कल्याण की भावना से ओतप्रोत होता है। उनकी प्रत्येक क्रिया में परमार्थ का ही चिंतन रहता है। रामस्नेही संप्रदाय के आद्याचार्य स्वामी रामदयाल महाराज का व्यक्तित्व और कृतित्व इतना विराट है कि उनके सानिध्य में राम का नाम भी जीवंत हो उठता है। ये दिव्य और प्रेरक विचार हैं अंतर्राष्ट्रीय रामस्नेही संप्रदाय के आचार्य स्वामी रामदयाल महाराज के, जो उन्होंने छत्रीबाग रामद्वारा में आयोजित सत्संग सभा में उपस्थित श्रद्धालुओं को आशीर्वचन देते हुए व्यक्त किए।

## अटल द्वार से जंजीरवाला चौराहे तक हटाए जाएंगे अतिक्रमण

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • सड़क पर पानी फैलाकर गंदगी करने वालों पर निगम आयुक्त दिलीप कुमार यादव ने दस का स्पॉट फाइन करने निर्देश दिए हैं, साथ ही अटल द्वार से जंजीरवाला चौराहा तक 10.76 करोड़ की लागत से 18 मीटर चौड़ाई के सड़क निर्माण में बाधक अतिक्रमण हटाने के लिए कार्रवाई के निर्देश निरीक्षण के दौरार आयुक्त द्वारा दिए गए हैं। आयुक्त ने निर्देश दिए कि जब सड़क निर्माण के लिए सेंट्रल लाइन डल गई है तो सड़क निर्माण में आने वाले भाग में कोई निर्माण नहीं हो... यह देखकर कार्रवाई करें, वहीं नेहरू नगर क्षेत्र में सफाई निरीक्षण के दौरान बैकलेन में कचरा-गंदगी होने पर संबंधित के विरुद्ध चालानी कार्रवाई करने एवं नागरिकों के माध्यम से ही बैकलेन में गेट लगाने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही बैकलेन में कचरा एवं गंदगी फैलाने वालों पर निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे नागरिकों के सहयोग से लगाने के संबंध में भी निर्देश दिए गए। इसके साथ ही गलियों में सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान कार एवं टू व्हीलर की रोड पर ही वॉशिंग करते हुए पानी मुख्य मार्ग पर फैलाने पर राहुल कार वॉशिंग सेंटर पर रुपए 10 हजार का स्पॉट फाइन करने तथा मुख्य मार्ग एवं गलियों में स्थित दुकानों के बाहर अवैध रूप से रखे गए होर्डिंग बैनर भी हटाने के निर्देश दिए गए।

सांध्य दैनिक इंदौर संकेत

आपकी बात, इंदौर संकेत के साथ




डिजिटल रूप से लाखों पाठकों के साथ अपना नियमित संपर्क बनाते हुए दैनिक इंदौर संकेत अब एक नई ऊंचाइयों को छू रहा है। आप भी अपने संस्थान, उत्पाद, संस्था का प्रचार-प्रसार दैनिक इंदौर संकेत के माध्यम से सकते हैं। इसके तहत आप चाहे प्रापर्टी व्यवसाय से जुड़े हैं या कोई बधाई संदेश देना है या जन्मदिन की शुभकामनाएं हो या कोई अन्य कैटेगरी में विज्ञापन देना चाहते हैं तो न्यूनतम दर पर प्रकाशित करने के लिए संपर्क कर सकते हैं। दैनिक इंदौर संकेत संवेदनापूर्ण संदेशों को लेकर अत्यंत संवेदनशील है। इसीलिए इस समाचार पत्र में शोक संदेश नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे।

कार्यालय का पता
5/6, राज मोहल्ला, महेश नगर,
गुरुद्वारे के सामने, इंदौर
संपर्क: 94250-64357, 94245-83000

## सम्पादकीय

### महंगा होता जा रहा ट्रेन का सफर, सुविधाओं के लिए फिर भी परेशान रहते यात्री

भारतीय रेल को देश भर में कहीं आने-जाने के सबसे सुगम और अहम साधन के रूप में जाना जाता है। हर रोज लाखों लोग अपने गंतव्य तक जाने के लिए इसका सहारा लेते हैं। आए दिन सरकार गुणवत्ता के लिहाज से इसे अंतरराष्ट्रीय मानकों वाला बनाने के लिए कदम उठाने का दावा करती रहती है। मगर विचित्र यह है कि आज यात्रियों के लिए ट्रेन से सफर करना जहां एक दुस्वप्न बनता जा रहा है, वहीं सरकार जब चाहे, किराया बढ़ाने में कोई संकोच नहीं करती। हाल ही में ट्रेन में यात्री के सामान ले जाने पर वजन की सीमा लगा देने और तय वजन से ज्यादा ले जाने पर अतिरिक्त शुल्क चुकाने के नियम लागू होने की खबर आई थी। अब भारतीय रेलवे ने छब्बीस दिसंबर से यात्री किराए में भी बढ़ोतरी की घोषणा कर दी है। इसके तहत अब दो सौ पंद्रह किलोमीटर से ज्यादा के सफर के लिए किराया एक से दो पैसे प्रति किलोमीटर बढ़ा दिया गया है। देखने में यह छोटी बढ़ोतरी लगती है, लेकिन इस इजाफे से सिर्फ अगले करीब तीन महीने में ही सरकार को लगभग छह सौ करोड़ रुपए अतिरिक्त राजस्व मिलने की उम्मीद है। अंदाजा लगाया जा सकता है कि अपनी आय बढ़ाने के लिए सरकार कितनी सजग है। मगर शायद इस बात का ध्यान रखना कभी जरूरी नहीं समझा जाता कि इस तरह किराया बढ़ाने का औचित्य तभी साबित हो सकता है जब यात्रियों के लिए यह असुविधाजनक न हो। यह कोई छिपी हकीकत नहीं है कि पिछले कुछ समय से ट्रेन में सफर करना कई बार कितना त्रासद साबित हो रहा है। एक से दूसरे शहर या अपने घर जाने वाले लोग अगर ट्रेन से जाना चाहते हैं, तो इसके लिए आरक्षित टिकट मिलना आसान नहीं रह गया है। अगर किसी व्यक्ति को हफ्ते या एक महीने पहले आरक्षित टिकट मिल जाए, तो उसे एक बड़ी उपलब्धि के तौर पर देखा जाता है। बहुत ज्यादा सुविधाओं वाली कुछ महंगी ट्रेनों के बरक्स साधारण डिब्बों में सफर की मुश्किल की कल्पना करना भी मुश्किल है, जहां लोग निर्जीव सामान की तरह किसी तरह मरते-जीते जाते हैं। इसके अलावा, ट्रेन में सामान की चोरी से लेकर लूटपाट जैसी घटनाओं पर लगाम लगा पाना आज भी एक चुनौती है। फिर पिछले कुछ समय के दौरान ट्रेनों के पटरी से उतरने से लेकर अन्य स्वरूप में जिस तरह के हादसे हुए हैं, वे बताते हैं कि भारतीय रेल से कहीं जाना कितना सुरक्षित है। ऐसा लगता है कि अलग-अलग मद में पैसा बढ़ाने के लिए बजट या किसी औपचारिक मौके का इंतजार करने की परंपरा खत्म हो गई है और सरकार अपनी सुविधा के अनुसार जब जी चाहे, नया किराया तय कर देती है। दूसरी ओर, ट्रेनों की भारी कमी और यात्रियों को ले जाने की सीमा की वजह से रेलवे स्टेशनों पर लोगों की भीड़ बताती है कि ट्रेन से सफर को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बनाने के सरकारी दावे की असलियत क्या है।

# भारतीय युवा: विदेशी चमक बनाम स्वदेश की शक्ति

आज की भारतीय युवा पीढ़ी इतिहास के निर्णायक संक्रमण काल में खड़ी है। एक ओर विदेशी जीवन की झिलमिलाती चमक, उच्च वेतन, बहुराष्ट्रीय कंपनियों की प्रतिष्ठा तथा तथाकथित 'ग्लोबल लाइफस्टाइल' उसे लुभा रही है; दूसरी ओर स्वदेश की माटी की खुशबू, पारिवारिक प्यार, समाज का अपनापन तथा राष्ट्र-दायित्व की मौन पुकार जड़ों से जुड़े रहने का आह्वान कर रही है।



यह द्वंद्व केवल रोजगार या करियर का नहीं, अपितु आत्म-पहचान, सांस्कृतिक स्वाभिमान तथा राष्ट्र-भविष्य से जुड़ा गहन विमर्श है। युवाओं को निर्णय लेते समय यह ध्यान रखना होगा कि भारत अब अवसर-विहीन देश नहीं; विश्व की सबसे तेज अर्थव्यवस्थाओं में शुमार है तथा 'विकसित भारत' के लक्ष्य हेतु संकल्पबद्ध है।आरबीआई आंकड़ों के अनुसार, बीते वर्षों में लाखों युवा पेशेवर विदेश गये, किंतु 'रिवर्स ब्रेन ड्रेन' की प्रवृत्ति भी उभर रही है। जब अपने ही देश में अवसरों का विस्तार हो रहा है, तब विदेश-आकर्षण का रहस्य क्या है?

आधुनिक भारत तकनीक, ऑटोमोबाइल, वस्त्र, फार्मा, कृषि-प्रौद्योगिकी, बायोटेक्नोलॉजी, हस्तशिल्प, अंतरिक्ष तथा रक्षा जैसे क्षेत्रों में वैश्विक केंद्र बन रहा है। टाटा, रिलायंस, इंफोसिस, टीसीएस, महिंद्रा जैसी कंपनियाँ तथा नवरत्न संस्थान बौद्धिक क्षमता, नवाचार और आत्मनिर्भरता के प्रतीक बने हुए हैं। इसरो, डीआरडीओ, बीएआरसी , एचएएल, सीएसआईआर, आईसीएआर, आईसीएमआर, आईआईटी, आईआईएम, आईआईएससी तथा एम्स जैसे संस्थान अंतरिक्ष, रक्षा, चिकित्सा तथा विज्ञान में राष्ट्र-निर्माण को सशक्त कर रहे हैं।चंद्रयान-तीन की सफलता, एक साथ कई उपग्रह प्रक्षेपण की क्षमता, रक्षा में स्वदेशीकरण, डिजिटल इंडिया का समावेशन, 1.2 लाख स्टार्टअप्स (100+ यूनिकॉर्न सहित), मेक इन इंडिया तथा नवीकरणीय ऊर्जा में प्रगति प्रमाणित करते हैं कि भारत अब अवसरों का निर्यातक बन चुका है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 ने शिक्षा-शोध-नवाचार को नई दिशा दी है। नैस्कॉम रिपोर्ट्स के अनुसार, टियर-दो, तीन शहरों में लगभग चालीस प्रतिशत नई नौकरियाँ सृजित हो रही हैं तथा सरकारी योजनाएँ स्वरोजगार हेतु प्रशिक्षण और ऋण प्रदान कर रही हैं।फिर भी अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन तथा ऑस्ट्रेलिया आदि की ओर युवाओं का रुझान तथा माता पिता की इच्छा बनी हुई है। शायद बेहतर वेतन, जीवन-शैली तथा वैश्विक अनुभव के कारण। सोशल मीडिया, ओटीटी तथा पॉप-संस्कृति ने योजनाबद्ध तरीके से विदेश विशेष कर पश्चिम को सफलता का पर्याय गढ़ा है।किंतु भारतीय युवाओं को यह भी जानना होगा कि विदेशों में महँगाई, एकाकीपन, सांस्कृतिक दूरी, नस्लीय भेदभाव तथा मानसिक तनाव जैसे कठोर यथार्थ भी छिपे हैं। भारतीय चिंतन में जीवन ऋण-चुकाने से जुड़ा है,वो भी माता-पिता, समाज तथा मातृभूमि का। साथ ही सर्वश्रेष्ठ संस्थानों से निकली प्रतिभा का स्थायी विदेश-प्रवास कहीं न कहीं राष्ट्र-विकास को क्षति पहुँचाता है।

मेरे विचार में विदेश जाना ज्ञान-अर्जन हेतु उचित है, किंतु भावनात्मक-बौद्धिक कटाव अनुचित है। 'ब्रेन गेन' तभी संभव जब अनुभव स्वदेश के उत्थान में लगे। अतः समाधान न विदेश-रोक में है, न अंध स्वदेश-उन्माद में, आवश्यकता है संतुलित दृष्टि की। युवा वैश्विक पंख अवश्य फैलाएँ, किंतु अपनी जड़ों से जुड़े रहें। नीति-निर्माताओं का भी दायित्व है कि वे युवाओं के लिए बेहतर शिक्षा, रोजगार तथा व्यापार के समान अवसर सभी राज्यों में पैदा करें । समाज-परिवार की भी जिम्मेदारी है कि वे युवाओं में देश प्रेम और आत्मविश्वास जगाएँ ,भारत में रहकर वैश्विक सफलता अर्जित करें जो आज की परिस्थितियों में संभव है। युवाओं को समझना होगा कि विदेशी चमक क्षणिक मृगतृष्णा है, स्वदेश की शक्ति शाश्वत। युवा यदि अपनी प्रतिभा को देश को समर्पित कर दें , तो उनका भविष्य सुदृढ़ तो होगा ही, भारत की वैश्विक पहचान दीप्तिमान भी होगी।



लेखक: **प्रो. ( डॉ. ) मनमोहन प्रकाश,**
स्वतंत्र पत्रकार

## सड़क हादसे: हमारी लापरवाही और असमय मिटता देश का भविष्य

हाल ही में राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने जो आंकड़े प्रस्तुत किए, वे न केवल चौंकाने वाले हैं, बल्कि एक राष्ट्रीय आपदा की ओर इशारा करते हैं। वर्ष 2023 में देश में पांच लाख सड़क हादसे हुए, जिनमें 1,80,000 लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी। यह महज सरकारी आंकड़े नहीं हैं, बल्कि यह लाखों उजड़ते परिवारों, अनाथ होते बच्चों और बुझते चिरागों की वह करुण पुकार है, जिसे हम हर रोज़ अनसुना कर रहे हैं।

गणित के दृष्टिकोण से देखें तो यह संख्या '20 मौत प्रति घंटा' बैठती है। कल्पना कीजिए, हर एक घंटे में भारत की सड़कों पर 20 जिंदगियां हमेशा के लिए खामोश हो जाती हैं। इन आंकड़ों में सबसे हृदयविदारक तथ्य यह है कि इन मृतकों में 66% देश के युवा थे। जिस युवा शक्ति के दम पर भारत विश्वगुरु बनने का सपना देख रहा है, वह युवा शक्ति सड़कों पर हमारी अव्यवस्था और लापरवाही की भेंट चढ़ रही है। किसी भी राष्ट्र के लिए अपनी ऊर्जावान पीढ़ी को इस तरह खोना एक अपूरणीय क्षति है।

मंत्री जी ने स्पष्ट किया कि इन हादसों की सबसे बड़ी वजह 'सड़क पर हमारा आचरण' (मानवीय व्यवहार) है। यह एक कड़वा सच है जिसे हमें स्वीकार करना होगा। हम अक्सर सड़कों की बनावट या प्रशासन को दोष देते हैं, लेकिन अपने गिरेबान में झांकना भूल जाते हैं। रेड लाइट जंप करना हम शान समझते हैं, गलत दिशा में गाड़ी चलाना हम अपनी 'स्मार्टनेस' मानते हैं, और हेलमेट या सीट बेल्ट को हम अपनी व्यक्तिगत आजादी में बाधा समझते हैं। सड़क पर हमारा धैर्य तुरंत ही जवाब दे जाता है और हम चंद मिनट बचाने की होड़ में जीवन दांव पर लगा देते हैं।

सड़क सुरक्षा केवल यातायात पुलिस का काम नहीं है, यह एक 'संस्कार' है। जब तक हम सड़क पर चलने को एक सामूहिक जिम्मेदारी नहीं मानेंगे, तब तक कोई भी कानून हमारी रक्षा नहीं कर सकता। हमें यह समझना होगा कि गाड़ी का स्टीयरिंग केवल पहियों को नहीं, बल्कि हमारे परिवार की खुशियों को नियंत्रित करता है।

वक्त आ गया है कि हम आत्मचिंतन करें। क्या हम एक सभ्य समाज की तरह सड़क पर व्यवहार कर रहे हैं? आइए संकल्प लें कि हम नियमों का पालन डर से नहीं, बल्कि कर्तव्य भावना से करेंगे। याद रखें, घर पर कोई आपका इंतजार कर रहा है; उसकी खातिर सड़क पर संयम और सुरक्षा को अपनी प्राथमिकता बनाएं।



**- राजकुमार जैन,**
यातायात विशेषज्ञ

# आंचलिक

## भाजपा सरकार अटल जी के सपनों को कर रही साकार - सुरेंद्र शर्मा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगोन** ●महेश्वर में 'अटल स्मृति वर्ष' विधानसभा सम्मेलन का आयोजन सोमवार को किया गया। इस दौरान निमाड़ प्रभारी सुरेंद्र शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के सपनों के भारत को सुशासन से सींच रही है। सम्मेलन में प्रदेश उपाध्यक्ष, विधायक और जिला अध्यक्ष सहित अन्य नेताओं ने वाजपेयी जी की युगांतकारी उपलब्धियों को गिनाया। भारतीय राजनीति के पितृपुरुष भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में यह सम्मेलन महेश्वर विधानसभा में संपन्न हुआ। महेश्वर, मंडलेश्वर, करही और बलवाड़ा मंडलों से हजारों कार्यकर्ता और मातृशक्ति इसमें शामिल हुए। प्रदेश उपाध्यक्ष व निमाड़ संभाग प्रभारी सुरेंद्र शर्मा ने अटल जी के व्यक्तित्व को याद किया। उन्होंने कहा कि अटल जी ने केवल नारे नहीं दिए, बल्कि विकास के ऐसे पदचिह्न छोड़े जिन पर आज देश चल रहा है। शर्मा ने 'प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना' का उल्लेख करते हुए कहा कि अटल जी के संकल्प के कारण ही ग्रामीण भारत की तस्वीर



बदली है। उन्होंने जोर दिया कि वर्तमान भाजपा सरकार उनके सुशासन के संकल्प को ही आगे बढ़ा रही है।

सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहीं भाजपा जिला अध्यक्ष नंदा ब्रहामणे और विधायक राजकुमार मेव ने केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों को अटल जी की दूरगामी सोच का विस्तार बताया। वक्ताओं ने 'नदी जोड़ो परियोजना', 'स्वर्णिम चतुर्भुज योजना', 'सर्व शिक्षा अभियान' और 'अंत्योदय अन्न योजना' जैसी योजनाओं के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति को सशक्त बनाने के प्रयासों की सराहना की।

## बड़वाह-धामनोद मार्ग को मिली मंजूरी, 2500 करोड़ से बनेगा 4-लेन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगोन** ● सोमवार को डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में महेश्वर विधानसभा क्षेत्र के बड़वाह-धामनोद मार्ग के 62.795 किमी लंबे कायाकल्प को मंजूरी दे दी गई। इस परियोजना के लिए भू-अर्जन समेत 2,500 करोड़ रुपए से अधिक की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।



### कनेक्टिविटी का नया हब बनेगा

यह परियोजना हाइब्रिड एन्युटी मॉडल (ॢरू) के तहत पूरी की जाएगी। इस मार्ग के बनने से दो प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्ग आपस में जुड़ेंगे, जिससे उत्तर और दक्षिण भारत के बीच व्यापार और परिवहन की सुविधा बढ़ेगी।

सबसे महत्वपूर्ण फायदा यह है कि ऐतिहासिक और धार्मिक पर्यटन नगरी महेश्वर को सीधी और बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी, जिससे पर्यटन और स्थानीय रोजगार के नए अवसर खुलेंगे।

### विधायक राजकुमार मेव ने जताया आभार

महेश्वर विधायक राजकुमार मेव ने इस बड़ी उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का क्षेत्र की जनता की ओर से अभिनंदन किया। उन्होंने कहा, 'यह मार्ग महेश्वर विधानसभा क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। हमारे क्षेत्र की इस महत्वपूर्ण मांग को प्राथमिकता से पूरा किया गया है।'

### क्षेत्र में उत्साह का माहौल

कैबिनेट के इस निर्णय के बाद महेश्वर विधानसभा क्षेत्र में खुशी का माहौल है। स्थानीय नागरिक और व्यापारियों ने बताया कि बड़वाह-धामनोद मार्ग के फोर लेन बनने से आवागमन आसान होगा और महेश्वर के साड़ी उद्योग और पर्यटन को भी लाभ मिलेगा। विधायक मेव के प्रयास और मुख्यमंत्री की पहल की व्यापक सराहना हो रही है।

## चोरियों से परेशान किसान सड़कों पर उतरे, 15 दिन में 12 वारदातें, बाहरी लोगों के वेरिफिकेशन की मांग

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** ● जिले के आदिवासी बाहुल्य खालवा ब्लॉक में चोरों ने किसानों की नींद उड़ा रखी है। रबी सीजन के चलते खेतों में सिंचाई के लिए लगाए गए मोटर-पंप और केबल चोरी हो रहे हैं। पुलिस की सुस्ती से नाराज ग्रामीणों और व्यापारियों ने रविवार को रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। विरोध बढ़ता देख पुलिस हरकत में आई और चोरी के एक मामले में एफआईआर दर्ज की। टीआई ने जल्द ही चोरों को ट्रेस करने का आश्वासन दिया है। पिछले 15 दिनों के भीतर खालवा नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में एक दर्जन से अधिक चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं। नगर में लगे सीसीटीवी कैमरों में संदिग्ध लोग भी नजर आए हैं, लेकिन पुलिस उन पर अंकुश लगाने में नाकाम रही है। लगातार हो रही वारदातों से नाराज व्यापारी संघ, किसान संघ और हिंदू उत्सव समिति ने रविवार को संयुक्त रैली निकाली। उन्होंने खालवा टीआई को ज्ञापन सौंपकर चोरों को जल्द पकड़ने की मांग की। पुलिस ने सोमवार को मामले में एफआईआर दर्ज कर ली है। ग्रामीणों ने पुलिस को बताया कि कुछ बाहरी लोग क्षेत्र में रहकर व्यापार कर रहे हैं। ये लोग गली-गली घूमकर कंबल, चटाई और कुर्सी बेचते हैं, लेकिन इनका कोई पुलिस वेरिफिकेशन नहीं है। वहीं, कुछ लोग किराए के कमरे लेकर निजी कंपनियों में काम कर रहे हैं। लोगों को शक है कि रेकी करके चोरियों को अंजाम दिया जा रहा है।

## रील बनाने मालगाड़ी पर चढ़ा नाबालिग, करंट लगने से झुलसा:गंभीर हालत में इंदौर रेफर

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** ● रील बनाने के लिए सोमवार को एक नाबालिग मालगाड़ी ट्रेन पर चढ़ गया। इस दौरान हाईटेंशन लाइन का करंट लगने से वह झुलस गया। परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने चेकअप के बाद इंदौर रेफर कर दिया हैं। डॉक्टरों के अनुसार, खंडवा जिला अस्पताल सह मेडिकल कॉलेज में सर्जिकल आईसीयू नहीं हैं। इस कारण उसे इंदौर के एमवाय अस्पताल के लिए रेफर किया हैं।



### बारात में खरगोन से खंडवा आया था

घटना खंडवा रेलवे के मालगोदाम की हैं। नाबालिग की पहचान 16 वर्षीय खरगोन निवासी रेहान के रूप में हुई हैं। एमआईएम नेता बिलाल पेंटर ने बताया कि, घायल नाबालिग खरगोन शहर का है। जो एक शादी समारोह में बारातियों में शामिल होकर आया था। शादी समारोह घासपुरा क्षेत्र के बांग्लादेश मोहल्ले में था। बारात में आए रेहान ने खाना खाया और पास में ही मालगोदाम की तरफ चले गया। जहां मालगाड़ी खड़ी थी, वह उस पर चढ़ गया।

### गलती से हाइटेंशन लाइन को छू लिया

उसके साथ गए दोस्तों ने बताया कि वह रील बनाने का शौकीन हैं। खरगोन में रेल सुविधा नहीं होने से वह रेल के बारे में अनजान था। गोदाम में मालगाड़ी ट्रेन खड़ी देखकर वह उस पर चढ़ गया और रील बनाने के लिए सेल्फी लेने लगा। इस दौरान उसने ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन को गलती से छु लिया। करंट की चपेट में आने से वह तड़पते हुए मालगाड़ी से नीचे गिर गया। सूचना मिलते ही परिजन वहां पहुंचे और गाड़ी में बैठाकर जिला अस्पताल ले गए।

## युवक पुलिस थाने पहुंचा, कहा- लव मैरिज में धोखा मिला, नर्मदा में कूदने गया था

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** ● खंडवा में लव मैरिज में धोखा मिलने से आहत एक 22 वर्षीय युवक 6 दिन तक भूखा-प्यासा रहा। जब इससे भी जान नहीं गई तो वह नर्मदा में कूदने के इरादे से मोरटक्का पुल पहुंचा, लेकिन हिम्मत नहीं जुटा पाया।

आखिरकार उसने सल्फास की गोलियां खाईं और अपनी पीड़ा बताने सीधे पुलिस के पास पहुंच गया। हालत बिगड़ने पर युवक को खंडवा जिला अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है, जहां वह जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहा है।

### युवक दिन भर मोरटक्का पुल पर बैठा रहा

पुलिस के मुताबिक युवक फिलहाल इंदौर में रह रहा था और रविवार को आत्महत्या के इरादे से मोरटक्का पहुंचा था। उसने बताया कि वह दिनभर पुल पर बैठा रहा, लेकिन नर्मदा में कूदने की हिम्मत नहीं हुई। सल्फास की गोलियां पहले से उसके पास थीं, जिन्हें खाने के बाद वह खुद पुलिस चौकी पहुंचा।

### नवंबर में आर्य समाज मंदिर में की शादी

युवक ने पुलिस को बताया कि पड़ोस में रहने वाली एक युवती से उसका करीब 5 साल से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। युवती ने इसी साल सनावद के एक निजी कॉलेज में बीएससी में एडमिशन लिया था। जब वह 18 साल की हुई तो दोनों ने शादी का फैसला लिया। 12 नवंबर को दोनों महू स्थित आर्य समाज मंदिर गए और वहां लव मैरिज की। युवक ने शादी का सर्टिफिकेट भी पुलिस को सौंपा है।

### ससुर ने धोखे से बेटी को बुलवा लिया

शादी के बाद पत्नी युवक के साथ इंदौर में रहने लगी। दोनों करीब 8 दिन तक साथ रहे। इसी दौरान पत्नी के पिता ने फोन कर कहा कि परिवार शादी से सहमत है और कुछ दिनों के लिए बेटी को घर भेज दिया जाए। भरोसा कर युवक ने पत्नी को मायके भेज दिया, लेकिन बाद में परिजन उसे वापस भेजने से मुकर गए। युवक को सनावद से गंभीर हालत में खंडवा जिला अस्पताल में रेफर किया गया था। युवक का कहना है कि पत्नी आना चाहती है, लेकिन परिवार उसे रोक रहा है। इससे मानसिक रूप से टूट चुके युवक ने खाना-पीना छोड़ दिया। उसने बताया कि उसे परिवार का कोई सपोर्ट नहीं मिला। पहले उसने भूख-प्यास से जान देने की कोशिश की, फिर नर्मदा में कूदने का मन बनाया।

# महिला टी-20 : श्रीलंका पर बढ़त बनाने उतरेंगी भारतीय बेटियां





**विशाखापट्टनम (एजेंसी)** ● पहले मैच में बड़ी जीत हासिल करने से उत्साहित भारतीय महिला क्रिकेट टीम जब श्रीलंका के खिलाफ मंगलवार को विशाखापट्टनम में होने वाले दूसरे महिला टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में मैदान पर उतरेगी, तो वह फील्डिंग के स्तर को बेहतर करके अपना विजय अभियान जारी रखने की कोशिश करेगी। भारतीय टीम ने पिछले महीने विश्व कप जीतने के बाद बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों विभागों में अच्छा प्रदर्शन किया और श्रीलंका को आठ विकेट से हराया। भारतीय टीम ने श्रीलंका को केवल छह विकेट पर 121 रन पर रोक दिया था, लेकिन इस बीच उसकी फील्डिंग अपेक्षानुरूप नहीं रही और उसने कुछ कैच छोड़े। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने मैच के बाद कहा, हम अपनी फील्डिंग पर काम कर रहे हैं। पता नहीं क्यों हम बार-बार कैच छोड़ रहे हैं। मैदान गीला था, लेकिन यह कोई बहाना नहीं है। यह एक ऐसी चीज है, जिस पर हमें गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। अगले मैच में हम बेहतर रणनीति के साथ उतरेंगे। विश्व कप की सफलता के बाद भारतीय टीम को छह सप्ताह का ब्रेक मिला। इसके बाद भारतीय टीम ने बंगलुरु के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में एक सप्ताह के शिविर में भाग लिया था। फील्डिंग में थोड़ी बहुत कमी आना लगभग अपेक्षित था और कप्तान को लगता है कि टीम बहुत जल्द लय में आ जाएगी। हरमनप्रीत ने कहा, हम एक महीने बाद खेल रहे हैं।

हम खुद को बेवजह चुनौती नहीं देना चाहते। हम बस टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन करना चाहते हैं। कागजों पर भी भारतीय टीम मजबूत नजर आती है। उसकी बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों काफी मजबूत हैं। सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में चल रही जेमिमा रोड्रिग्स ने विश्व कप के अपने शानदार प्रदर्शन को यहां भी जारी रखा। भारत के लिए सबसे बड़ा सकारात्मक पहलू 20 वर्षीय बाएं हाथ की स्पिनर वैष्णवी शर्मा का टीम में शामिल होना रहा, जिन्हें हाल ही में महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) की नीलामी में नजरअंदाज कर दिया गया था। वैष्णवी को भले की कोई विकेट नहीं मिला, लेकिन उन्होंने चार ओवर में केवल 16 रन दिए और एक भी चौका नहीं लगने दिया।

# 2023 एकदिवसीय विश्वकप फाइनल में मिली हार से दुखी होकर संन्यास लेना चाहता था : रोहित



**नई दिल्ली (एजेंसी)** ● भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने कहा है साल 2023 एकदिवसीय विश्वकप फाइनल में मिली हार से वह हताश थे और उन्होंने खेल से संन्यास का फैसला कर लिया था। तब वह इतने दुखी थे और उन्हें लगा था कि इस खेल ने उनसे सब कुछ छीन लिया है। तब भारतीय टीम ने सभी मैच जीतकर फाइनल में जगह बनायी थी पर वहां उसे ऑस्ट्रेलिया ने हरा दिया था। तब ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड ने शतक लगाकर भारतीय टीम के हाथ आयी जीत छीन ली थी। रोहित ने एक कार्यक्रम में कहा कि फाइनल के बाद उन्हें लगा था कि अब मुझे नहीं खेलना चाहिये क्योंकि इसने मुझसे सब कुछ छीन लिया है और मुझे लगा कि मेरे पास कुछ भी नहीं बचा है। इस सदमे से उबरने में मुझे कुछ समय लगा था। मैं अपने को याद दिलाता था कि यही वह खेल है, जिससे मुझे असल में प्यार है। यह चीज मेरे पास है और मैं इसे इतनी आसानी से नहीं छोड़ सकता। इसके बाद धीरे-धीरे मैं इस झटके से उबर गया। मैंने अपनी खोई हुई ताकत वापस हासिल की और फिर से मैदान पर उतर गया। उन्होंने माना कि उस हार से हर कोई दुखी था और हमें भरोसा नहीं हो रहा था कि अचानक ही क्या हुआ है। मेरे लिए तो कप्तान होने के कारण यह बहुत कठिन दौर था क्योंकि मैंने उस विश्व कप के लिए अपना सब कुछ झोंक दिया था। विश्व कप से पहले ही नहीं, बल्कि साल 2022 में कप्तानी संभालने के बाद से ही मैं उसके लिए तैयारी कर रहा था। रोहित ने टी-20 और टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है और अब वह एकदिवसीय में ही खेलते हैं। उनका लक्ष्य 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप तक टीम में बने रहना और उसे जीतना है। रोहित ने कहा, 'मेरा एकमात्र लक्ष्य विश्व कप जीतना था, चाहे वह टी-20 विश्व कप हो या 2023 में एकदिवीसय विश्व कप इसलिए जब ऐसा नहीं हो पाया तो मैं पूरी तरह से निराश हो गया था। मेरे शरीर में बिल्कुल भी शक्ति नहीं बची थी। मुझे इससे उबरने और वापसी करने में कुछ माह लग गये थे।'

# फिल्म 'दृश्यम 3' की रिलीज डेट का ऐलान



**मुंबई (एजेंसी)** ● फिल्म 'दृश्यम 3' में विजय सालगांवकर के अपने प्रतिष्ठित किरदार में वापसी करने के लिए तैयार हैं। फिल्म की रिलीड डेट का ऐलान हो गया है। फिल्म अगले साल दो अक्तूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म निर्माताओं ने सोमवार को इसकी घोषणा की। इस लोकप्रिय फ्रेंचाइज़ की बहुप्रतीक्षित तीसरी कड़ी की शूटिंग फिलहाल जारी है। अजय देवगन अभिनीत विजय सालगांवकर, एक साधारण मध्यमवर्गीय व्यक्ति, हिंदी सिनेमा के सबसे यादगार ऑन-स्क्रीन पिताओं में से एक बन गए हैं। हिंसा के बजाय बुद्धिमत्ता, दृढ़ संकल्प और अपने परिवार के प्रति अटूट समर्पण के साथ विपरीत परिस्थितियों का सामना करने के लिए जाने जाने वाले इस किरदार ने पहली फिल्म से ही दर्शकों के दिलों को छू लिया है। निर्माताओं के अनुसार, 'दृश्यम 3' की शूटिंग कई शहरों और स्थानों पर की जा रही है। कहानी स्थापित 'दृश्यम' समयरेखा के भीतर आगे बढ़ेगी, जिसमें नए और अप्रत्याशित मोड़ आएंगे जो सालगांवकर परिवार के जीवन को और अधिक जटिल बना देंगे। अजय देवगन के साथ ही तब्बू, श्रिया सरन और रजत कपूर समेत मूल कलाकार अपनी भूमिकाओं में वापसी करेंगे। इसके अलावा अन्य जाने-माने कलाकार भी नज़र आएंगे।

# 80-90 के दशक में इंडस्ट्री आज जैसी व्यवस्थित नहीं थी: माधुरी दीक्षित



**मुंबई (एजेंसी)** ● अभिनेत्री माधुरी दीक्षित ने बताया कि उस समय फिल्म इंडस्ट्री आज जैसी व्यवस्थित और प्रोफेशनल नहीं थी। 80 और 90 के दशक में गिने-चुने प्रोड्यूसर ही ऐसे थे, जो योजनाबद्ध तरीके से काम करते थे। हाल ही में एक इंटरव्यू में माधुरी दीक्षित ने अपने करियर के शुरुआती दिनों, फिल्ममेकिंग में आए बड़े बदलावों और आज के दौर में फिल्मों के चयन को लेकर खुलकर बात की। माधुरी दीक्षित ने साल 1984 में फिल्म 'अबोध' से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की थी। उन्होंने बताया कि यश चोपड़ा, बी. आर. चोपड़ा, सुभाष घई और राजश्री प्रोडक्शन्स जैसे बैनर उस दौर में प्रोफेशनलिज्म की मिसाल माने जाते थे, जबकि ज्यादातर फिल्में सीमित संसाधनों और बिना ठोस प्लानिंग के बनाई जाती थीं। उस समय सेट पर काम करने का माहौल काफी अव्यवस्थित हुआ करता था। उन्होंने बताया कि पहले शूटिंग की प्रक्रिया भी काफी अलग थी। कलाकारों को अपने किरदार की तैयारी के लिए ज्यादा वक्त नहीं मिलता था। कई बार शूटिंग अचानक शुरू हो जाती थी और कलाकारों को मौके पर ही सीन समझकर कैमरे के सामने परफॉर्म करना पड़ता था। इसके विपरीत आज की फिल्म इंडस्ट्री पूरी तरह से बदली हुई है। अब कलाकारों को पहले से पूरी स्क्रिप्ट दी जाती है, किरदार पर गहराई से काम करने का समय मिलता है और शूटिंग से पहले पर्याप्त तैयारी की जाती है, जिससे अभिनय और भी निखर कर सामने आता है। माधुरी दीक्षित ने शूटिंग के दौरान मिलने वाली सुविधाओं में आए बदलावों पर भी बात की। उन्होंने बताया कि पहले न तो वैनिटी वैन होती थीं और न ही आराम करने के लिए कोई खास व्यवस्था। कलाकारों को अक्सर तेज धूप में छाते के नीचे बैठकर समय बिताना पड़ता था।

## उज्जैन संभाग

# ज्योतिष सम्मेलन में छाया रहा लव जिहाद लड़कियों की बुद्धि खराब कर रहे ग्रह

**दैनिक इंदौर संकेत**



**उज्जैन** ● दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय ज्योतिष महाधिवेशन के दूसरे दिन सोमवार को कालिदास अकादमी परिसर में शुरू हुए सत्र में लव जिहाद का मुद्दा छाया रहा। इस दौरान ज्योतिषियों ने बेटियों को लव जिहाद से बचाने के ज्योतिष संगत उपाय भी बताए। ज्योतिषियों ने कुंडली में शुक्र-चंद्रमा के साथ छठें, आठवें या बारहवें स्थान पर होने, शनि-चंद्रमा और केतु गृह के एक साथ बैठने पर लव जिहाद का काल बनने का दावा कर उससे बचने के उपाय बताए। ये पहली बार था जब ज्योतिष सम्मेलन में लव जिहाद को लेकर बात उठी हो और ज्योतिषियों ने इससे बचने के उपाय भी बताए हो। ज्योतिष सम्मेलन के अंतिम दिन सोमवार को नेपाल से चुरामणि पांडेय तंत्र विद्या के जानकार, इंदौर से ज्योतिष शिव मेहता, राजस्थान से जयंत कीर्ति,खरगोन से बसंत सोनी, उज्जैन से कीर्ति व्यास, दिल्ली से एसएच रावत, दिल्ली से राजेश शर्मा मानवेन्द्र रावत मुख्य रूप से कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान ज्योतिर्विज्ञान के विद्यार्थियों ने अपना-अपना शोध पड़ा। कार्यक्रम के दौरान वैवाहिक जीवन, कुंडली मिलान, उसमे दोष,हस्त रेखा पर भी चर्चा हुई लेकिन लव जिहाद को लेकर भी ज्योतिषियों ने चर्चा की। खरगोन से कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए ज्योतिष डॉ. बसंत सोनी ने मंच से लव जिहाद को लेकर अपनी बात रखी और उन्होंने लड़कियों की कुंडली में दोष दिखाने पर जोर देते हुए उसके उपाय भी बताए। सोनी ने कहा कुंडली दोष हो तो हनुमान चालीसा का पाठ और अध्यात्म के ज्ञान से इसे दूर किया जा सकता है।

### शनि-चंद्रमा और केतु गृह बैठा हो तो बुद्धि खराब

बसंत सोनी ने कहा कि रिसर्च में सामने आया है की 1500 लड़कियों को रोजाना लव जिहाद में फंसाया जाता है। पढ़ी लिखी लड़कियां ज्यादा फंस रही हैं। इनकी कुंडलियों पर रिसर्च किया, जिनकी कुंडली के अंदर शुक्र- च्रदमा के साथ बैठा हो, शुक्र छठें, आठवें या बारहवें स्थान पर हो उसके साथ शनि-चंद्रमा और केतु गृह बैठा हो तो उसकी बुद्धि खराब होती है। जिससे लड़की कम समय में लोगों की बातों में आ जाती है। माता-पिता को अपने बच्चो की कुंडली दिखाकर पूछना चाहिए की ये किसी लव जिहाद में तो नहीं फंस रहे हैं। इससे बचने के लिए हनुमान चालीसा का पाठ रोजाना कराएं। आंखों में सुरमा लगाए लड़कों के चक्रव्यूह से बचने के लिए एक मात्र हनुमान चालीसा का पाठ और धर्म शास्त्र के अध्ययन कर बचा जा सकता है अलग-अलग छात्रों ने अपना शोध पड़ा।

# ओवरलोड ट्रांसफॉर्मर को सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित करने की मांग, पिपलोनकलां में लोग बोले-करंट लगने से गाय की मौत

**दैनिक इंदौर संकेत**

**आगर - मालवा** ● पिपलोन कलां गांव में तनोडिया मार्ग पर घनी आबादी के बीच लगा एक बिजली ट्रांसफॉर्मर गंभीर खतरे का कारण बन गया है। इस ट्रांसफॉर्मर से रोजाना चिंगारियां निकलती हैं और विस्फोट जैसी आवाजें आती हैं, जिससे क्षेत्रवासियों में दहशत का माहौल है ।स्थानीय निवासी संजय फुलेरा ने बताया कि ट्रांसफॉर्मर पर क्षमता से अधिक लोड होने के कारण यह लगातार गर्म होकर जलने की स्थिति में रहता है। यह ट्रांसफॉर्मर मुख्य सड़क मार्ग से केवल पांच फीट की दूरी पर है, जहां से प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग और वाहन गुजरते हैं।

### करंट लगने से एक गाय की हुई थी मौत

क्षेत्र में कूड़ा घर होने के कारण यहां गायों का जमावड़ा भी लगा रहता है। पहले इसी ट्रांसफॉर्मर से करंट लगने के कारण एक गाय की मौत भी हो चुकी है, लेकिन इसके बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। फुलेरा ने यह भी बताया कि स्थानीय लोगों ने बिजली कंपनी के सुपरवाइजर प्रवीण मिश्रा को कई बार इस गंभीर समस्या से अवगत कराया है। हालांकि, अब तक इस पर कोई सुनवाई नहीं हुई है। लोगों का कहना है कि ऐसा लगता है कि बिजली कंपनी किसी बड़ी अप्रिय घटना के बाद ही इस ओर ध्यान देगी।

### ट्रांसफॉर्मर को सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित करने की मांग

क्षेत्रवासियों ने बिजली कंपनी से मांग की है कि ट्रांसफॉर्मर को जल्द से जल्द सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित किया जाए या उसका लोड कम करके आवश्यक सुधार कार्य किए जाएं, ताकि किसी बड़े हादसे को टाला जा सके।

# प्राकृतिक खेती की तरफ लौटे, रसायनों से न हमारी जमीन बचेगी और न ही लोग सुरक्षित रहेंग

**दैनिक इंदौर संकेत**




**आगर - मालवा** ● नई कृषि उपज मंडी में सोमवार को भारतीय किसान संघ की बैठक हुई। इसमें खास तौर पर पद्मश्री हुकुमचंद पाटीदार शामिल हुए, जिन्होंने किसानों को खेती के बदलते तरीकों और उसके खतरों के प्रति सचेत किया।

पद्मश्री हुकुमचंद पाटीदार ने कहा कि ज्यादा फसल उगाने के चक्कर में किसान जिस तरह रसायनों (केमिकल) का इस्तेमाल कर रहे हैं, उसके नतीजे बहुत डरावने हैं। उन्होंने बताया कि इसी वजह से आज कैंसर, ब्लड प्रेशर, शुगर और लकवे जैसी गंभीर बीमारियां घर-घर पहुंच रही हैं। पाटीदार ने चेतावनी दी कि अगर हम समय रहते अपनी पुरानी और प्राकृतिक खेती की तरफ नहीं लौटे, तो न हमारी जमीन बचेगी और न ही लोग सुरक्षित रहेंगे।

### धरती की सेहत को लेकर जताई चिंता

पाटीदार ने मिट्टी की घटती ताकत पर चिंता जताते हुए कहा कि जमीन में उपजाऊ तत्व (जैविक कार्बन) घटकर बहुत कम रह गया है। अगर हालत ऐसी ही रही, तो आने वाले समय में जमीन में बीज उगना भी बंद हो जाएगा। उन्होंने किसानों को सलाह दी कि परंपरागत खेती अपनाएं, जिससे खेती की लागत कम होगी और अनाज भी शुद्ध पैदा होगा। उन्होंने मिट्टी की सेहत सुधारने के लिए जीवामृत और पंचगव्य के इस्तेमाल पर जोर दिया।

### सरकार से प्रोत्साहन राशि की मांग

बैठक में भारतीय किसान संघ ने देश की कृषि नीति में बदलाव की मांग उठाई। संघ ने सुझाव दिया कि जो किसान जैविक खेती (बिना केमिकल वाली खेती) कर रहे हैं, सरकार को उनके खाते में सीधे मदद के तौर पर प्रोत्साहन राशि डालनी चाहिए। कार्यक्रम में संगठन के बड़े पदाधिकारियों ने भी अपने विचार रखे और जिले में चल रहे कामों की जानकारी दी।

# सरकार मनरेगा कानून को कमजोर करना चाहती, नए नियमों में 40 फीसदी खर्च राज्य सरकार उठाएगी, लेकिन मप्र सरकार कर्ज में-कांग्रेस

**दैनिक इंदौर संकेत**



**आगर - मालवा** ●जिला कांग्रेस कमेटी ने रविवार शाम छावनी स्थित गांधी उपवन में धरना-प्रदर्शन किया। यह विरोध प्रदर्शन महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) से राष्ट्रपिता का नाम हटाने और योजना के नियमों में किए गए बदलावों के खिलाफ किया गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने 'रघुपति राघव राजा राम' का गायन कर अपना विरोध दर्ज कराया। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता गुड्डू लाला ने केंद्र और राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार मनरेगा जैसी महत्वपूर्ण योजना का स्वरूप बदलकर उसे कमजोर करने का प्रयास कर रही है। कांग्रेस का आरोप है कि राष्ट्रपिता के नाम से जुड़ी योजना से उनका नाम हटाना सरकार की नकारात्मक सोच को दर्शाता है।

### बजट के नए प्रावधानों पर उठाए सवाल

कांग्रेस प्रवक्ता ने बताया कि नए नियमों के तहत मनरेगा का 40 प्रतिशत खर्च अब राज्य सरकार को उठाना होगा। उन्होंने तर्क दिया कि मध्य प्रदेश सरकार पहले से ही कर्ज में डूबी हुई है, ऐसे में राज्य सरकार के लिए इस योजना का अतिरिक्त वित्तीय बोझ उठाना मुमकिन नहीं होगा। कांग्रेस ने इसे गरीबों और मजदूरों के अधिकारों पर सीधा हमला बताया है।

### रोजगार के आंकड़ों पर सरकार को घेरा

प्रदर्शन के दौरान केंद्र सरकार के उन दावों पर भी सवाल उठाए गए जिसमें रोजगार के दिनों को बढ़ाने की बात कही गई है। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि पिछले पांच वर्षों में मजदूरों को औसतन केवल 42 प्रतिशत ही काम मिल पाया है। पदाधिकारियों ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता रोजगार देना नहीं, बल्कि सिर्फ योजनाओं के नाम बदलना रह गई है। इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मिलने में एयरपोर्ट पर अफरा-तफरी, सीबीआई का आरोपी भदौरिया भी पहुंचा

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री व बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सोमवार शाम को इंदौर एयरपोर्ट पहुंचे। उनके स्वागत के लिए सीएम मोहन यादव, प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और पार्टी के कई पदाधिकारी, नेता पहुंचे। वहीं हजारों की संख्या में कार्यकर्ता भी पहुंचे।

महापौर पुष्यमित्र भार्गव सैंकड़ों कार्यकर्ता लेकर पहुंचे। इसी दौरान भारी भीड़ के चलते एयरपोर्ट पर भारी अफरातफरी रही। सीएम ने नड्डा को जीत का शुभंकर बताया। उन्होंने कहा कि नड्डा के अध्यक्ष रहते तीसरी बार केंद्र में सरकार बनी और कई राज्यों में बीजेपी की सरकार बनी।

**नेता प्रवेश के लिए परेशान, अधिकारियों से बहस**–एयरपोर्ट पर एकदम से आई भीड़ के चलते कई बड़े नेता प्रवेश के लिए परेशान हुए। पुलिस व प्रशासन ने भीड़ नियंत्रण के लिए बैरिकेड़ लगा दिए थे। इसके चलते जिसके नाम सूची में नहीं थे, उनके प्रवेश में भारी बहसबाजी हुई।

नगराध्यक्ष सुमित मिश्रा कई बार मौके पर मौजूद अधिकारियों से उलझते रहे। संगठन मंत्री हितानंद शर्मा भी बाहर खड़े दिखाई दिए। वहीं वरिष्ठ नेता गोपी नेमा प्रवेश के लिए फोन लगाते रहे। फिर नगराध्यक्ष मिश्रा पहुंचे और उन्हें अंदर कराया।



**सीबीआई का आरोपी भदौरिया भी पहुंचा**–उधर रायपुर के मेडिकल कॉलेज की मान्यता केस में CBI का आरोपी नंबर 25 सुरेश भदौरिया भी स्वास्थ्य मंत्री नड्डा से मुलाकात के लिए पहुंच गया। हाल ही में बीजेपी की नगर कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष बनी भदौरिया के मेडिकल कॉलेज की फैकल्टी दीप्ति हाडा ने उन्हें नड्डा से मिलवाने की भारी कोशिश की, लेकिन पुलिस ने भदौरिया को नड्डा के पास नहीं आने दिया। हालांकि वह उनके करीब के सर्कल तक पहुंच गया था।

### नड्डा बोले- एक उद्देश्य से आगे बढ़ रहे

इस मौके पर नडडा ने स्वागत से भावविभोर होकर कहा कि सभी का धन्यवाद, इतनी गर्मजोशी से स्वागत किया। हम सभी हम सभी लोग एक उद्देश्य के साथ, एक मकसद के साथ एक विचार के साथ समाज को देश को आगे बढ़ाने में लगे हैं। मप्र में भी हेमंत खंडेलवाल और उनकी टीम पूरी ताकत के साथ कमल को खिलाने में लगी है। सीएम मोहन यादव और उनकी टीम, सभी मंत्रीगण, कैलाश विजयवर्गीय, सभी विधायक पूरी ताकत के साथ लगे हैं। सभी उन्हें सहयोग करें जिससे साल 2047 में विकसित भारत को अपनी आंखों से देख सकें।

---

**न्यूज ब्रीफ**

## सांवेर की सभी पंचायतों में सीसी रोड, नाली और ड्रेनेज सुविधा होगी-सिलावट

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट के मुख्य आतिथ्य एवं सांसद शंकर लालवानी की अध्यक्षता में रविवार को ग्राम पंचायत ढाबली में लगभग 51 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित सीसी रोड़ का लोकार्पण किया। यह नवनिर्मित सीसी रोड़ भारत माता प्रतिमा लाल गेट से कैलोद कांकड सुभाष दायमा के घर तक है। लोकार्पण के दौरान मंत्री सिलावट ने कहा कि सांवेर विधानसभा की सभी पंचायतों में सीसी रोड, नाली और ड्रेनेज की सुविधा होगी, इससे क्षेत्र के विकास में अहम भूमिका होगी। उन्होंने आगे बताया कि 305 करोड़ रुपये की लागत से कनाडिया और धनखेडी में एसटीपी प्लांट का कार्य चल रहा है और ड्रेनेज की लाईन डल रही है।

## मध्यप्रदेश को प्रतिष्ठित राष्ट्रीय 'पावर लाइन ट्रांसटेक इंडिया अवॉर्ड'

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मध्यप्रदेश ने विद्युत ट्रांसमिशन के क्षेत्र में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी को वेस्टर्न रीजन में सबसे कम ट्रांसमिशन लॉस दर्ज करने के लिए प्रतिष्ठित राष्ट्रीय 'पावर लाइन ट्रांसटेक इंडिया अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया है। इस उपलब्धि पर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने एमपी ट्रांसको के अधिकारियों व कर्मचारियों को यह पुरस्कार प्रदेश की मजबूत ट्रांसमिशन व्यवस्था, तकनीकी दक्षता और सतत सुधार की दिशा में किए जा रहे प्रयासों का प्रतिफल है। न्यूनतम ट्रांसमिशन लॉस के साथ निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करना प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

---

# इंदौर से रीवा फ्लाइट शुरू, नगरीय प्रशासन मंत्री साथ में 40 कार्यकर्ताओं को लेकर गए

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● सोमवार से पहली सीधी इंदौर से रीवा फ्लाइट सेवा शुरू हो गई है। अब मालवा और विंध्य के बीच सीधी कनेक्टिविटी हो गई है। इस फ्लाइट के पहले दिन नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय अपनी इंदौर विधानसभा एक के 40 कार्यकर्ताओं के साथ रवाना हुए।

**यह वह कार्यकर्ता जो कभी प्लेन में नहीं गए**–नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने इस मौके पर कहा कि ये वो कार्यकर्ता हैं, जो कभी प्लेन में नहीं बैठे। इनके लिए हवाई सफर इनके लिए सपना था। यह फ्लाइट डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल के प्रयासों से संभव हो सकी।



अब सतना जाना मेरे लिए आसान हो जाएगा, क्योंकि मैं वहां का प्रभारी मंत्री हूं। जब फ्लाइट में जा रहा था, तो सोचा कि अकेला क्यों जाऊं। अपने साथ गरीब कार्यकर्ता को भी लेकर जाऊं, इसलिए बाकी 40 टिकट ले लिए। रीवा से हम मैहर, चित्रकूट भी जाएंगे और फिर कल इसी फ्लाइट से लौटेंगे।

**अब सतना जाना भी आसान**–मंत्री ने कहा कि रीवा जाने में पहले 15 घंटे लगते थे, अब रीवा महज दो घंटे में पहुंच जाएंगे। वहां से सतना आधे घंटे का रास्ता है। ऐसे में प्रभार वाले जिले में जाना मेरे लिए भी आसान होगा। वहीं इंदौर का भी रीवा से अधिक व्यापार और उद्योग विकास सभी बढ़ेगा।

**इस इंडिगो फ्लाइट का शेड्यूल क्या है?**– इंडिगो की यह फ्लाइट इंदौर से रीवा के लिए हर दिन सुबह 11.30 बजे रवाना होकर दोपहर एक बजकर 15 मिनट में रीवा पहुंचेगी। फिर रीवा से दोपहर एक बजकर 35 में रवाना होकर इंदौर में तीन बजकर 25 मिनट पर लौटेगी।

### पांच प्वाइंट में समझें इंदौर से रीवा का पूरा शेड्यूल

इंदौर से रीवा के लिए पहली सीधी फ्लाइट 22 दिसंबर सोमवार से शुरू हुई। नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने 40 कार्यकर्ताओं के साथ फ्लाइट यात्रा की। यह फ्लाइट डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल के प्रयासों से संभव हुई। फ्लाइट से इंदौर–रीवा के बीच यात्रा महज 2 घंटे में होगी। फ्लाइट का शेड्यूल : इंदौर से 11 :30 बजे, रीवा से 1 :35 बजे वापसी।

---

**सार्थक एप में डॉक्टर कर रहे ऐसी साजिश**

# दूसरों को मोबाइल देकर, वीडियो रिकार्ड कर लगा रहे हाजिरी

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टर, पैरामेडिकल स्टाफ और नर्सिंग स्टाफ उपस्थिति दिखाने में नया तरीका अपना रहे हैं। सभी को सार्थक एप के जरिए हाजिरी लगानी होती है। यह एप कर्मचारियों की उपस्थिति ट्रैक करने के लिए बनाया गया है। कुछ लोग इस तकनीक को धोखा देने के तरीके खोज रहे हैं। हाल ही में इंदौर में 50 से ज्यादा कर्मचारियों को इस धोखाधड़ी के आरोप में नोटिस भेजे गए हैं।

**ऐसे दिखाई कलाकारी**–इंदौर सीएमएचओ डॉ. माधव हसानी ने बताया कि सभी को सार्थक एप के जरिए हाजिरी लगानी होती है। यदि बायोमैट्रिक सिस्टम लगा है तो वहां फोटो भी आएगी। इसमें भोपाल की टीम लगातार इसका रिव्यू करती है। रिव्यू में सामने आया है कि कुछ लोगों द्वारा हाजिरी लगाने में फर्जीवाड़ा किया जा रहा है। कुछ लोग इस तरह से फर्जीवाड़ा कर रहे हैं। वे या तो दूसरों को अपना मोबाइल दे देते हैं, फिर अपना वीडियो रिकॉर्ड कर उसे एप में दिखा देते हैं। इस तरह से हाजिरी में धोखाधड़ी हो रही है।



**हर दस दिन में आ रही ऐसी लिस्ट**–ऐसा खेल करने वालों की पहचान भोपाल स्तर पर बैठी टीम के माध्यम से किया जा रहा है। हर दस दिन में ऐसे लोगों की लिस्ट संबंधित जिलों में भेज दी जाती है, जिनकी हाजिरी में गड़बड़ होती है। फिर संबंधित सीएमएचओ से द्वारा इन्हें नोटिस देकर जवाब मांगा जा रहा है। जब तक जवाब नहीं मिलता तब तक उनका वेतन रोक दिया गया है।

**इंदौर में इन सभी को नोटिस**–इंदौर में डॉ. कैलाश राजपूते, डॉ. अंकिता, डॉ. प्रार्ची, डॉ. हर्षिता, दुर्गेशवरी प्रजापति, फार्मासिस्ट मनोज यादव, डॉ. अंशुल, डॉ. विनोद दांगी, डॉ. दिनेश साहू, डॉ. समर्थ परमार, डॉ. सुयश, शाहिद शेख व अन्य को नोटिस हुए हैं।

---

# रिटायर डीआईजी रेंक अधिकारी के प्लाट के लिए क्राइम ब्रांच इंस्पैक्टर ने धमकाया, फरियादी की शिकायत

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर पुलिस की कार्यशैली एक बार फिर विवादों में आ गई है। इंदौर के एक फरियादी ने क्राइम ब्रांच इंदौर में पदस्थ इंस्पैक्टर सुजीत श्रीवास्तव के खिलाफ गंभीर शिकायत की है। मामले में फरियादी ने डीजीपी कैलाश मकवाना और इंदौर पुलिस कमिशनर संतोष सिंह को डिमांड आफ जस्टिस लैटर अपने अधिवक्ता के जरिए भेजा है।

यह पूरा मामला रिटायर डीआईजी रेंक अधिकारी कमल शर्मा का बताया गया है। इनके द्वारा प्रॉपर्टी कारोबारी अतुल अग्रवाल के खिलाफ प्लाट को लेकर शिकायत की है। इसी शिकायत की जांच को लेकर गंभीर इंस्पैक्टर सुजीत श्रीवास्तव ने नोटिस जारी कर अग्रवाल को बयान के लिए बुलाया था।

नोटिस पर जब अतुल थाने गए तो वह नहीं मिले। बाद में गए तो सभी दस्तावेज और बयान के लिए कहा गया। अतुल ने कहा कि दो–तीन दिन में आकर दस्तावेज, बयान देता हूं। जब वह बयान पर नहीं पहुंचे तो फोन पर अतुल को उन्होंने जमकर फटकार लगाई। साथ ही कहा कि बयान देने नहीं आए तो 420 का केस कर दूंगा, घर से उठा लूंगा और जेल में बंद कर दूंगा। (इसकी आडियो रिकार्डिंग भी है)

### क्राइम ब्रांच इंस्पेक्टर की कारोबारी को धमकी को ऐसे समझें

- इंदौर में क्राइम ब्रांच इंस्पेक्टर सुजीत श्रीवास्तव पर रिटायर डीआईजी अधिकारी को धमकाने का आरोप है।
- फरियादी ने क्राइम ब्रांच इंस्पेक्टर के खिलाफ डीजीपी और सीपी को पत्र भेजा, न्याय की मांग की।
- इंस्पेक्टर ने बयान न देने पर आरोपी को 420 का केस और जेल भेजने की धमकी दी, जिसकी ऑडियो रिकॉर्डिंग भी आई।
- शिकायतकर्ता ने कहा कि इस प्लॉट विवाद की पहले से कोर्ट में सुनवाई चल रही है, फिर भी जांच बिना अनुमति के की जा रही है।
- इंस्पेक्टर श्रीवास्तव ने कहा कि बयान और दस्तावेज जांच के लिए आवश्यक थे, इसमें कोई गलत बात नहीं है।

अतुल के अधिवक्ता रोहित दुबे के साथ फरियादी ने क्राइम ब्रांच डीसीपी व अन्य अधिकारियों से भी मुलाकात कर इस घटना की जानकारी दी। इसके बाद भी स्थिति नहीं सुधरी और श्रीवास्तव के फोन आए। इस पर अब यह लैटर डीजीपी और सीपी को लिखा। इसमें बताया गया कि इस प्लाट विवाद को लेकर पहले से ही जिला कोर्ट में परिवाद दायर है और इसमें थाना तिलकनगर को जांच के लिए कहा गया है।

इसके बाद भी बिना संज्ञान के जांच आवेदन लेकर जांच की जा रही है। इस मामले में पहले भी इंदौर क्राइम ब्रांच इंस्पैक्टर विष्णु वास्कले द्वारा जांच की गई और उन्हें सभी दस्तावेज, बयान दे चुका हूं। लेकिन अब निरीक्षक सुजीत श्रीवास्तव द्वारा बुलाया जा रहा है। अभद्र व्यवहार किया जा रहा है, धमकाया जा रहा है।

### निरीक्षक श्रीवास्तव क्या बोल रहे हैं

वहीं इस मामले में श्रीवास्तव ने कहा कि जांच आवेदन आया है, जो डीआईजी रेंक के रिटायर अधिकारी है। उनके साथ अतुल ने प्लाट की गड़बड़ी की है। मामले की जांच की जा रही है और इसी लिए बयान लेने बुलाया जा रहा है। मेरा काम शिकायत आवेदन पर जांच करना है इसके लिए बयान, दस्तावेज जरूरी है, यही चाहे गए हैं। इसमें गलत कुछ भी नहीं, जांच में उन्हें सहयोग करना चाहिए।

---

**इम्तिहान- जिला योजना समितियों के अनुमोदन पर मंडल की मुहर, कलेक्टरों को केन्द्र चार्ट भेजा**

# 3900 सेंटरों पर होगी 10वीं और 12वीं की परीक्षा, लगेंगे कैमरे

## इस बार माध्यमिक शिक्षा मंडल की प्रथम परीक्षा में 18 लाख से अधिक विद्यार्थी सम्मिलित होंगे

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** ● नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार माध्यमिक शिक्षा मंडल ने मौजूदा सत्र की परीक्षा तैयारी एक प्रकार से पूरी कर ली है। जिला योजना समितियों की अनुशंसाओं पर मंडल ने एग्जाम सेंटरों का अनुमोदन कर दिया है। इस बार साढ़े तीन हजार से अधिक केंद्र निधर्धारित किए गए हैं। जहां पर हायर सेकंडरी एवं हाईस्कूलों की परीक्षाएं आयोजित की जाएगी।

माध्यमिक शिक्षा मंडल का कहना है कि किस जिले में कितने केंद्र बनाए गए हैं। वहां पर कलेक्टरों को जिलावार चार्ट भी भेज दिया गया है। माध्यमिक शिक्षा मंडल का कहना है कि जो केंद्र निर्धारित किए गए हैं। उसकी मुख्यालय स्तर से भी अभी समीक्षा होगी। क्योंकि मापदंडों के अनुसार जिन स्कूलों में केंद्र बनाए गए हैं। वहां पर विद्यार्थियों की सुविधा और सुरक्षा के हिसाब से सभी व्यवस्थाएं जरूरी है। शिक्षा मंडल का कहना है कि हर जिला स्तर पर कलेक्टर ने जिन केंद्रों का अनुमोदन किया है। उनकी बड़ी कैसे राज्य स्तर से समीक्षा करवाई जाएगी। यदि कहीं कोई कमी आती है, तो वहां पर सुधार होगा। फिर भी माहौल और सुरक्षा की अनुकूलता को देखते हुए जरूरत पड़ी तो परिवर्तन भी किया जाएगा। सुरक्षा और निगरानी के लिए कलेक्टर अपनी व्यवस्थाओं के अनुसार उड़नदस्तों का गठन और पुलिस बल तैनात करेंगे।



### प्रायवेट स्कूलों में की गई इस बार कटौती

यह पहला मौका है जब राज्य में उन प्रायवेट स्कूलों की कटौती की गई है जहां परीक्षा केन्द्र निधर्धारित होते रहे है। इन सेंटरों पर पिछले सत्र की परीक्षा के दौरान नकल के प्रकरण सामने आये है। इस बार भी ऐसी संभावनाएं थी, जिसको देखते हुए बोर्ड ने यहां परीक्षा केन्द्र बनाने से साफ इंकार किया है। इसके बाद कलेक्टरों ने इनकी जगह सर्वसुविधायुक्त सरकारी स्कूलों को चुना, जहां पर सेंटर बनाने के लिए अनुमोदन किया गया। अफसरों के अनुसार ग्वालियर–चंबल, जबलपुर और इंदौर संभाग में ऐसे 50 प्रायवेट स्कूलों को अलग किया गया है।

**ढाई सौ केन्द्रों पर लगाए जाएंगे कैमरे**–माध्यमिक शिक्षा मंडल का कहना है कि इस बार प्रदेश के संवेदन और अति संवेदनशील ढाई सौ सेंटरों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। कलेक्टरों ने अपनी रिपोर्ट में जिन केन्द्रों पर इनकी ज्यादा संभावनाएं जताई थी। प्रारंभिक तौर पर वहीं पर यह व्यवस्था हो रही है। मंडल का कहना है की केन्द्रों का निर्धारण कर दिया गया है। अब सीसीटीवी कैमरे लगाने की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। जनवरी में यह काम कंप्लीट कर दिया जाएगा। इसके लिए कलेक्टरों को राशि भी जारी की जा रही है।

**परीक्षा के एक सप्ताह पूर्व पहुंचेगी सामग्री**–फरवरी के प्रथम सप्ताह से आयोजित होने वाली दसवीं–बारहवी परीक्षाओं की सामग्री तैयार हो रही है। बोर्ड का कहना है कि एग्जाम के एक सप्ताह पूर्व यह सामग्री जिलो में भेजी जाएगी। पूर्व से ही जो प्रक्रिया रही है। उसी के मुताबिक प्रश्न पत्र और उत्तर पुस्तिकाओं को भेजा जाएगा। जिला स्तर पर जिन विद्यालयों को समन्वय संस्था बनाया गया है। वहीं से यह सामग्री संबंधित केन्द्रों के नजदीक पुलिस थाना में रखवाई जाएगी।

---

# डाकतार कर्मचारी गृह निर्माण सोसायटी के पूर्व अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पर ईओडब्ल्यू का केस

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● आर्थिक अपराध शाखा (EOW) ने डाकतार कर्मचारी गृह निर्माण सोसायटी के पूर्व अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व अन्य पदाधिकारियों पर गंभीर धाराओं में केस किया है। तत्कालीन अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष ने नियम विरुद्ध गैर सदस्यों को भूखण्ड आवंटित किए हैं। अपात्रों को प्लाट आवंटन को लेकर पदाधिकारियों पर धोखाधड़ी, कूटरचित दस्तावेज तैयार करने एवं पद का दुरुपयोग करने के आरोप है। इन पर 420, 467, 468, 471,120बी भादवि एवं धारा 13 (1) (डी) 13 (2) भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत एफआईआर हुई है।

**ईओडब्ल्यू ने इन पदाधिकारियों को बनाया गया आरोपी**–श्रीकांत घण्टे पिता श्री रामचन्द्र घण्टे, निवासी चन्द्रलोक कालोनी इन्दौर। (संस्था के तत्कालीन अध्यक्ष) सुभाष पिता मांगीलाल दुबे निवासी–32/15 नंदानगर, इन्दौर वर्तमान पता 10 एन संचार नगर कनाडिया रोड़ इन्दौर। (संस्था के तत्कालीन उपाध्यक्ष) ईसाई पिता वली मोहम्मद रेजिडेंट –09 वैभव नगर कनाडिया रोड इंदौर (हितग्राही) एवं अन्य को आरोपी बनाया गया है।

**इस तरह किया गया घोटाला** –दर्ज की गई एफआईआर में है कि डाकतार कर्मचारी गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित का गठन दिनांक 20/1/1975 को किया था। संस्था का उद्देश्य आवासहीन सदस्यों को भूखण्ड उपलब्ध कराना था। जांच में पाया गया कि संस्था के तत्कालीन अध्यक्ष श्रीकांत घंटे पिता श्रीरामचन्द्र घंटे ने पद का दुरुपयोग किया। संस्था के गैर सदस्य व्यक्ति सलीम पिता वली मोहम्मद निवासी वैभव नगर कनाडिया रोड इन्दौर को संचारनगर एक्सटेंशन के आवासीय भूखण्ड 1500 वर्गफीट, 750 वर्गफीट एवं व्यवसायिक भूखण्ड 3500 वर्गफीट आवंटित किया।



**इन धाराओं में किया गया केस**–इस तरह घंटे, दुबे के खिलाफ ईओडब्ल्यू ने 420, 467, 468, 471, 120–बी, भादवि एवं धारा 13 (1) (डी) 13 (2) भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम का अपराध पंजीबद्ध किया है। संस्था में नियम विरुद्ध एवं अवैध रूप से प्लॉट आवंटन से लाभान्वित होने वाले सभी व्यक्तियों के विरुद्ध जांच कर आगे कार्रवाई की जाएगी।

### इन्होंने भी दिया घंटे का साथ

घंटे के साथ ही संस्था के तत्कालीन उपाध्यक्ष सुभाष दुबे पिता मांगीलाल दुबे द्वारा भी पद का दुरुपयोग किया गया। दुबे ने अपनी पत्नी विद्यादेवी को संचारनगर एक्सटेंशन में 1500 वर्गफीट का भूखण्ड आवंटित किया। साथ ही अपने बड़े आई सत्यनारायण दुबे को 1500 वर्गफीट का एवं अपने पिता स्व. मांगीलाल दुबे के नाम भी 1500 वर्गफीट की रजिस्ट्री कराया जाना पाया गया है। इस तरह सहकारिता एक्ट का उल्लंघन करते हुए एक ही परिवार में पत्नी, भाई व पिता को लाभ दिया गया तत्कालीन अध्यक्ष श्रीकांत द्वारा सलीम पिता वली मोहम्मद को संस्था का सदस्य ना होने पर भी सदस्यता के लिए कूटरचित रसीद एवं सदस्यता क्रमांक आदि आवंटित कर दिया गया। इनकी मदद से भवन आवंटित करने से कूटरचना एवं पद का दुरुपयोग का अपराध पाया जा रहा है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक : **अक्षय तिवारी** द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमि. 44–45/ए, 50–51/ए, सेक्टर एफ इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड़, इंदौर (मप्र)– 452008 से मुद्रित एवं 5/6, नार्थ राजमोहल्ला (गुरूद्वारे के सामने), इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। **आरएनआई – एमपीएचआईएन/2021/81650**
सभी विवादों के लिए न्याय क्षेत्र केवल इंदौर रहेगा। समाचार पत्र में व्यक्तिगत नाम से प्रकाशित खबर एवं आलेख के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।